

7 धूम मचाने के लिये...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



10 आईसीसी ने स्टंप पर...

■ वर्ष 29 अंक 176 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर रविवार 22 दिसम्बर 2024 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# रूस के कजान में 9/11 जैसा हमला, तीन इमारतों पर ड्रोन अटैक

रूस।

रूस में कजान शहर में 9/11 जैसा हमला हुआ है। यहां की तीन बड़ी इमारतों में ड्रोन से हमला किया गया। रूसी मीडिया ने इस हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार बताया है। ड्रोन हमलों ने मॉस्को से लगभग 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित कजान शहर के कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर वीडियो में एक ड्रोन को एक ऊंची इमारत से टकराते हुए दिखाया गया, जिसके बाद जोरदार विस्फोट होता है।

### कजान हवाई अड्डे को किया गया बंद

इस हमले के बाद कजान हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. एपीए की रिपोर्ट के अनुसार हमले के दौरान, कमलीव एवेन्यू, क्लारा जेटकिन, युकोजिंस्काया, हादी ताकतश, क्रास्नाया पॉजिसिया, और ऑरेनबर्गस्की ट्रैक्ट सड़कों पर इमारतों को निशाना बनाया गया। रिपब्लिक चीफ रुस्तम मिन्निकानोव ने कहा कि कजान में आवासीय



इमारत पर हुए हमले में किसी व्यक्ति के मरने या घायल होने की खबर सामने नहीं आई है।

### यहां हाल ही में हुआ था ब्रिक्स सम्मेलन

कजान शहर में अगले दो दिनो के लिए सभी बड़े कार्यक्रम रद्द किए गए। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ऐसा किया गया है। रूस के इस शहर को सबसे सुरक्षित शहर माना जाता है. यहां हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस हमले से एक दिन पहले कहा था कि यूक्रेन ने फिक्स्ड-विंग यूएवी का उपयोग करके रूस में आतंकी हमने का कोशिश की थी जिसे विफल कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि रूसी एयरफोर्स ने 19 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया था। रक्षा मंत्रालय के इस बयान के बाद कजान शहर पर अटैल हुआ। बताया जा रहा है कि आठ इमारतों को निशाना बनाया गया था, लेकिन तीन बिल्डिंग में ही ब्लास्ट हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी कजान शहर पर हमले का डर बना हुआ है। कजान रूस का 8वां सबसे आबाद वाला शहर है।

# 4 घंटे का रास्ता, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री को कुवैत पहुंचने में 4 दशक लग गए: मोदी

कुवैत।

नरेंद्र मोदी कुवैत की यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये पल बहुत खास है। चार दशक से भी ज्यादा समय यानी 43 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री कुवैत आया है. हिंदुस्तान से यहां आने में 4 घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को यहां आने में 4 दशक लग गए। कुवैत में शेख साद अल अब्दुल्ला इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर, पश्चिम, पूर्व और दक्षिण से लोग, जो अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं, यहां हैं, लेकिन सबके दिल में एक ही गूंज है- भारत माता की जय।

### कुवैत यात्रा भविष्य की साझीदारी के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को



कहा कि उनकी कुवैत की दो दिन की यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने और आपसी लाभ की भविष्य की साझीदारी के लिए एक रोडमैप तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने रवानगी के पूर्व अपने वक्तव्य में कहा, आज, मैं कुवैत राज्य के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। हम कुवैत के साथ पीढ़ियों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंध को गहराई से महत्व देते हैं। हम न केवल मजबूत व्यापार और ऊर्जा भागीदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में भी हमारे साझा हित हैं।

### मेरे सामने मिनी हिंदुस्तान उमड़ आया

सामुदायिक कार्यक्रम हाला मोदी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अभी दो ढाई घंटे पहले ही मैं कुवैत पहुंचा हूं, जब से मैंने यहां कदम रखा है तब से चारों तरफ एक अलग ही अपनापन, एक अलग ही गर्मजोशी महसूस कर रहा हूं। आप सब भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हैं लेकिन आप सभी को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे मेरे सामने मिनी हिंदुस्तान उमड़ आया है।

### आपकी सभी उपलब्धियों का उत्सव मनाने आया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपने कुवैत में भारत की टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का एक अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है. इसलिए, मैं आज यहां केवल आपसे मिलने नहीं आया हूं, बल्कि आपकी सभी उपलब्धियों का उत्सव मनाने आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है। सागर का है। व्यापार-कारोबार का है. भारत और कुवैत, अरब सागर के दो किनारों पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं, बल्कि दिलों ने आपस में जोड़ा है।

### यहां की सरकार का दिल से आभारी हूं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत उन पहले देशों में से एक था, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए, जिस देश और समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, वहां आना मेरे लिए अत्यंत यादगार अनुभव है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का दिल से आभारी हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लिक्वीड ऑक्सीजन जब भारत को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ी, तो कुवैत ने हिंदुस्तान को लिक्वीड ऑक्सीजन की सप्लाई दी। महामहिम क्राउन प्रिं ने खुद आगे आकर सबको तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया. मुझे संतोष है कि भारत ने भी कुवैत को वैक्सीन और मेडिकल टीम भेजकर इस संकट से लड़ने का साहस दिया।

### मुंबई नौका हादसा, मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई

**मुंबई (वार्ता)।** गत 18 दिसंबर को मुंबई तट पर पर्यटक नौका-भारतीय नौसेना की नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता सात वर्षीय लड़के का शव शनिवार को मिला और मृतकों की संख्या 15 हो गयी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक लड़के की पहचान गोवा निवासी जोहान पठान के रूप में हुई है, जिसकी मां की इस हादसे में मौत हो गयी थी । नौसेना पुलिस ने उसके शव को सरकारी जे जे अस्पताल में पहुंचाया है। पिछले 48 घंटों से नौ भारतीय नौसेना और तटरक्षक जहाजों पर सवार 50 कर्मियों की टीम दुर्घटनाग्रस्त नौका से लापता अंतिम यात्री जोहान की तलाश में मुंबई तट के पानी में खोजबीन कर रही थी।

### राम मंदिर ने ताजमहल को पीछे छोड़ा

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामलला मंदिर में विराजमान हुए थे। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन बड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक हर दिन एक लाख से ज्यादा भक्त दर्शन करने आते हैं। शायद यही वजह है कि 9 महीने में देश के कई महत्वपूर्ण स्थलों जिसमें आगरा यानी ताज महल भी शामिल है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों की के मुताबिक जनवरी से सितंबर 2024 के बीच यूपी में 47.61 करोड़ पर्यटक आए हैं।



# किसानों के साथ संवाद की जरूरत : धनखड़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि किसानों के साथ संवाद करने और संवेदना जताने की आवश्यकता है। श्री धनखड़ हरियाणा के सिरसा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, आज आवश्यकता है संकल्पित होने की-अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद और संवेदना से निर्णीत हों। अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है। सामाजिक समरसता का सूत्रधार है।अन्नदाता का कल्याण ही देश प्रगति का शाश्वत रास्ता है और यही देश हित में भी। उन्होंने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा प्रदेश के पाँच बार मुख्यमंत्री और सात बार विधायक रहे। लेकिन उनका व्यक्तित्व इनसे परिभाषित नहीं होता। जीवन पर्यंत उन्होंने अपने को किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित किया। उपराष्टपति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला वर्ष 1989 के बड़े राजनीतिक बदलाव के प्रमुख सूत्रधारों में से थे। किसान कर्ज़ मुक्ति उनका ध्येय था। जनता दल सरकार का किसान कर्ज़ माफी कदम उनकी पहल था। निस्संदेह देश विकास और विकसित भारत का लक्ष्य ग्रामीण और किसान हित साधने से ही संभव है। उपराष्ट्रपति एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ सुदेश धनखड़ दिवंगत नेता के निवास तेजा खेड़ा पहुंचे। चौटाला परिवार से श्री धनखड़ के दशकों पुराने आत्मीय संबंध रहे हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। इससे पहले ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि एक दूरदर्शी राजनेता के रूप में उन्होंने सदैव ग्रामीण विकास एवं कृषि समृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हरियाणा के समग्र विकास तथा भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनका अविस्मरणीय योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# अंबेडकर के सम्मान में पूरे देश में निकालेंगे मार्च: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)।

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेगी और उनके सम्मान में पूरे देश में सम्मान मार्च निकाला जाएगा। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा में शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान निर्माता का अपमान किया है और कांग्रेस यह सहन नहीं करेगी इसलिए उनके सम्मान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जी का अपमान किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी 22 तथा 23 दिसंबर को देश के 150 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए हम श्री शाह के इस्तीफे मांग करेंगे। साथ ही बाबा साहेब और संविधान पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों में बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान यात्रा निकालेंगे, उनकी प्रतिमाओं पर



माल्यार्पण करेंगे और राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्री शाह को आम चुनाव में जनता से जो धक्का लगा है उससे ये लोग संभल नहीं पा रहे हैं। श्री खेड़ा ने कहा चार सौ पार और संविधान को बदलने के सपने को संविधान की रक्षा करने वाले लोगों ने जिस तरह तोड़ा है, उससे इनमें कुंठा पैदा हो गई। श्री शाह के मुंह से जो शब्द निकले, वे गलती से नहीं निकले। अगर गलती से निकले होते तो माफी मांग लेते,लेकिन आज तक भाजपा के लोग गृहमंत्री के उस बयान पर कुतर्क कर रहे हैं- यही बात इनकी असली नीयत दिखाती है।

इससे पहले कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि पार्टी अगले सप्ताह अंबेडकर सम्मान सप्ताह मनाएगी और पूरे देश मे मार्च निकाल कर श्री शाह के इस्तीफ़े की मांग करते हुए आंदोलन करेगी। पार्टी इन मनुस्मृति के उपासकों के खिलाफ़ डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत की रक्षा के लिए लड़ेंगे।

पार्टी अगला सप्ताह डॉ अंबेडकर सम्मान सप्ताह के रूप में मनाएगी। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि सभी कांग्रेस सांसद, वरिष्ठ नेता और कार्यसमिति के सदस्य 22-23 दिसंबर को देश भर में अपने निर्वाचन क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 24 दिसंबर को पूरे देश में अंबेडकर सम्मान मोर्चा निकालेंगे और श्री शाह के इस्तीफ़े की मांग करते हुए जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्पति को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, मार्च की पहली पंक्ति में उनका विशाल चित्र रखेंगे और अपनी प्रमुख मांगों के साथ बड़ी-बड़ी तख्तियाँ लेकर चलेंगे।



### पिथौरागढ़ के धारचूला में लैंडस्लाइड, नेशनल हाईवे बंद दोनों ओर फंसे दर्जनों वाहन

**पिथौरागढ।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के धारचूला में लैंडस्लाइड की घटना हुई है। जिसके कारण नेशनल हाईवे बंद हो गया है. हाईवे बंद होने से दोनों और दर्जन वाहन फंस गए हैं। हाईवे से मलबा हटाने का काम तेजी से चल रहा है. जानकारी के अनुसार धारचूला तवाघाट नेशनल हाइवे पर ये लैंडस्लाइड हुई है और पहाड़ी दरकने से नेशनल हाइवे बंद हो गया है। गनीमत रही कि जिस समय पहाड़ दरक रहा था उस दौरान कोई वाहन यह से गुजर नहीं रहा था। बता दें कि अचानक पहाड़ी दरकने से नेशनल हाइवे जीरो प्वाइंट के पास बंद हो गया है।

# मोहाली में अचानक 4 मंजिला इमारत गिरी

### राहत और बचाव का काम जारी

पंजाब ।

पंजाब के मोहाली स्थित गांव सोहाना में एक चार मंजिला इमारत आज अचानक ढह गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद स्थानीय लोग और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सुरक्षाकर्मी और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। यह इमारत हाल ही में बनी थी और इसमें एक रॉयल जिम भी संचालित हो रहा था। आशंका जताई जा रही है कि घटना के समय जिम में लोग कसरत कर रहे होंगे, जिससे जानमाल के नुकसान की संभावना व्यक्त की जा रही है. फिलहाल इमारत के गिरने के कारणों का पता नहीं चल



पाया है। राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन अभी यह कहना मुश्किल है कि इस हादसे में कितने लोग हताहत हुए हैं। प्रशासन द्वारा बचाव कार्य में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना ने स्थानीय निवासियों और प्रशासन को पूरी तरह से हिला कर रख दिया है। पुलिस और बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इमारत के गिरने का कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# शराब घोटाला केस में केजरीवाल के खिलाफ चलेगा मुकदमा



**नई दिल्ली।** राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय को उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने इस महीने की शुरुआत में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल से अनुमति मांगी थी क्योंकि उसे कथित तौर पर उत्पाद शुल्क नीति के तैयार करने और कार्यान्वयन में भारी स्तर पर भ्रष्टाचार मिला था, जिसका उल्लेख अभियोजन शिकायत संख्या में किया गया था। 7 ने इसी साल 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर किया था। कोर्ट ने 9 जुलाई को शिकायत पर संज्ञान लिया।आप ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले की जांच दो साल तक चली, 500 लोगों को परेशान किया गया, 50,000 पन्नों के दस्तावेज दाखिल किए गए और 250 से अधिक छापे मारे गए, एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ। और मामले में कई छेद किए गए हैं। पिछले वर्षों में विभिन्न अदालती आदेशों से उजागर हुआ कि भाजपा का असली लक्ष्य किसी भी तरह से आप और अरविंद केजरीवाल को कुचलना था। ईडी की अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल ने साउथ ग्रुप के सदस्यों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत प्राप्त करने की साजिश रची और शराब नीति बनाकर और लागू करके निजी संस्थाओं को अनुचित लाभ पहुंचाया।

### दानपेटी में गलती से गिरा आईफोन, देने से इंकार

***चेन्नई।*** *तमिल फिल्म पलयाथम्मन में एक महिला गलती से अपने बच्चे को मंदिर की हुंडी (दान पेटी) में गिरा देती है। हुंडी में गिरा बच्चा मंदिर की संपत्ति बन जाता है। इस रील की दिलचस्प कहानी को लोगों ने खूब एंजॉय किया लेकिन रियल लाइफ में चेन्नई के पास थिरुपुरुर के अरुलमिगु कंदस्वामी मंदिर में ऐसा ही कुछ हुआ। एक भक्त ने अनजाने में हुंडी में अपना बच्चा नहीं बल्कि एक आईफोन गिरा दिया। नतीजा वही हुआ। इस मंदिर ने भी फोन को अपनी संपत्ति बताया है।विनायगपुरम के एक भक्त दिनेश को शुक्रवार को खाली हाथ घर लौटना पड़ा क्योंकि मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि हुंडी में गिराई गई कोई भी चीज भगवान की है। हालांकि, उन्होंने उसे सिम कार्ड देने और फोन से डेटा डाउनलोड करने की पेशकश की।*

# खेल क्षेत्र में रतलाम बना रहा है विशिष्ट पहचान: डॉ. यादव

## आजादी के बाद प्रदेश में पहली बार खेल बजट में हुआ 586 करोड़ रूपये का प्रावधान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी के बाद पहली बार हमने प्रदेश में खेलों के लिए 586 करोड़ रूपये के बड़े बजट का प्रावधान किया है। मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ हॉकी के लिए सर्वाधिक एस्ट्रोटर्फ होंगे। खेलों को अब पाठ्यक्रम का भी हिस्सा बनाया गया है। खेल शिक्षक भी असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर और कुलगुरु बन सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रतलाम में चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित किये जा रहे खेल चेतना मेले के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ध्वजारोहण कर खेल चेतना मेले के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ निर्माण, व्यवसाय को गति देने के लिए साड़ी क्लस्टर निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि साड़ी क्लस्टर में महेश्वर, चंदेरी की तर्ज पर शहर में महिलाओं को साड़ी निर्माण से जोड़ा जाये। रतलाम के शासकीय लक्ष्मी



नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के हृदय संबंधी उपचार एवं ऑपरेशंस के लिए कार्डियक ब्रांच स्थापित करने की भी घोषणा की।

**मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 12 एस्ट्रो टर्फ की सुविधा** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का ऐसा पहला राज्य होगा जहां हॉकी के लिए सर्वाधिक 12 एस्ट्रो टर्फ की सुविधा होगी। रतलाम में खेल गतिविधियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेव, सोना और साड़ी के लिए प्रसिद्ध रतलाम अब खेलों में भी अपनी विशेष पहचान स्थापित कर रहा है। इसमें चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा विगत 25 वर्षों से आयोजित किया जा रहे खेल चेतना मेले का विशेष योगदान है। इस आयोजन से रतलाम की खेल प्रतिभाएं देश, प्रदेश में अपना नाम रोशन कर रही है।

**खेलों के विकास के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खेलों के विकास के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। भोपाल में हुये खेलो इंडिया आयोजन में प्रदेश ने अपनी विशेष छाप छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने रतलाम में चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा लगातार 25 वर्षों से आयोजित किए जा रहे खेल चेतना मेला आयोजन की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 10 हजार खिलाड़ियों की सहभागिता और खिलाड़ियों के सम्मान के साथ खेल चेतना मेले ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया है।

**अब हमारे खिलाड़ी ओलंपिक से पदक जीत कर आते हैं** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में खेलों को प्रोत्साहित कर खेल गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमारे खिलाड़ी ओलंपिक से पदक जीत कर आते हैं।

# अवैध उत्खनन में संलिप्त हाइवा एवं जेसीबी को पुलिस ने किया जब्त

## अज्ञात वाहन मालिक एवं चालक पर मामला हुआ दर्ज



**ब्योहारी।** ब्योहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 दिसम्बर की दरम्यानी रात ग्राम खुटेहरा मे रेत का अवैध परिवहन एवं उतखन्न मे संलिप्त एक जे. सी. बी. और एक हाइवा पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेत की बिक्री करने के लिये जेसीबी मशीन द्वारा रेत हाइवा मे लोड किया जा रहा था। ब्योहारी पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान मे घेरा बंदी कर हाइवा एवं जेसीबी को पकड़ा गया है। रात मे अंधेरे का फायदा उठाते हुए पुलिस को आते देख हाइवा एवं जेसीबी का चालक मौके से फरार हो गये है। पुलिस द्वारा आस-पास चालक की तलास की गयी न मिलने पर मौके से साक्षीगण संजय यादव पिता मनोज कुमार यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खुटेहरा वार्ड 03 एवं शिवम यादव पिता मनोज यादव उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम खुटेहरा थाना ब्योहारी के समक्ष बिना नंबर का जेसीबी एवं हाइवा जब्त किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि जब्त शुदा हाइवा एवं जेसीबी मशीन के इंजन एवं चेचिस नंबर के आधार पर क्रमशः वाहन स्वामियों का नाम पता आर. टी. ओ. ऑफिस से पता कराया जा रहा है। पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही से अवैध रेत उतखन्न एवं परिवहन मे संलिप्त ब्यक्तियो मे भय का वातावरण बना हुआ है।

**अज्ञात में हुआ मामला कायम**

घटनाक्रम के संबंध मे अज्ञात हाइवा एवं जे. सी. बी. चालक एवं मालिक के विरुद्ध थाना ब्योहारी मे अप. क्र. 823,24 धारा 303(2) 317(5) बीएनएस, 4,21 खान खनिज अधिनियम, 77,177 एम व्ही एक्ट कायम कर विवेचना की जा रही है एवं फरार अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश जारी है।

### इनकी रही अहम भूमिका

उक्त कार्यवाही एस. डी. ओ. पी. ब्योहारी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी ब्योहारी निरी. अरुण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टॉप उनि. बालकरण प्रजापति, प्र. आर. 209 केदार सिंह, प्र. आर. 595 दुर्योधन सिंह, आर. 642 संजय द्विवेदी, आर. 321त्रिलोक सिंह, आर. 803 राजीव सिंह की अहम भूमिका बतायी जा रही है।

## पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की जब्त

**ब्योहारी।** पुलिस द्वारा हमेशा ही देशी शराब पकड़े जाने की खबर सुनने एवं समाचार मे पढ़ने को मिलती रहती है किन्तु इस बार जयसिंहनगर पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिक्री हेतु रखी अंग्रेजी शराब जब्त की है जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी एस के चतुर्वेदी एवं ए.एस.आई. विनोद सिंह की प्रशंसा की जा रही है। थाना प्रभारी एस के चतुर्वेदी द्वारा जानकारी दी गयी की श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार नसे के करोबार मे रोक लगाने हेतु थाना क्षेत्र मे अवैध रूप से बिक रही शराब पर रोक लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वीट प्रभारी ए एस आई विनोद सिंह द्वारा करकी मे छापामारा गया और दबीश देकर अश्वनी उर्फ लल्ला प्रजापति पिता भंडारी प्रजापति के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखी शराब जब्त करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से पावर 1000 सुपर स्ट्राग बियर 10 बॉटल, एमडी विस्की 5 पाव, गोवा विस्की 6 पाव, देशी मदिरा प्लेन 8 पाव एवं पावर 1000 प्लेन बियर 500 उस 2 नग जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अबकारी एक्ट की धारा 34(1),।5 कायम कर कार्यवाही की जा रही है।



# हमने लोगों के दिलों में जगह बनाई : राजेश गोरा

## गुप्ता ऑटोमोबाइल्स के 25 वर्ष पूर्ण

शहडोल।

दो पहिया वाहन कंपनी हीरो के डॉलर एवं अग्रणी फॉर्म गुप्ता ऑटोमोबाइल्स ने 19 दिसंबर को अपना 25 वर्ष पूर्ण कर लिया । इस अवसर पर रजत जयंती समारोह एवं एक सफर सपनों से हकीकत तक पुस्तक का विमोचन किया गया ।

आयोजन का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष गुप्ता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कमल प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उर्मिला कटारे एवं सत्यभामा गुप्ता समाजसेवी एवं नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एके श्रीवास्तव मंचासीन रहे । राजेश गुप्ता,शांतनु गुप्ता, अजय पांडे नेसभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

गुप्ता ऑटोमोबाइल के संचालक राजेश गुप्ता ने अपनी 25 वर्षों की यात्रा के बारे में आयोजन में उपस्थित लोगों को अवगत कराया और ग्राहकों के प्रति आभार प्रकट किया ।

आयोजन में गुप्ता ऑटोमोबाइल्स के 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित पुस्तक एक सफर सपनों से हकीकत तक का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

पुस्तक के आलेख एवं संकलनकर्ता शिरीष नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुस्तक गुप्ता ऑटोमोबाइल्स के 25 सालों की यात्रा को प्रदर्शित करती है। पुस्तक में गुप्ता परिवार के निजी घटनाक्रम एवं संस्मरणों को भी शामिल किया गया है ।

आयोजन में इंदौर से आए रागिनी मक्कड़ डांस ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति दी । अनुष्का राय ने वाद्ययन्त्र सेक्सोफोन पर विभिन्न बॉलीवुड शैलियों की धुन प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सौम्या सिंघई ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नए साल की शुरुआत के पहले खरीदे टीवीएस वाहन पाए तीन हजार के फायदे

## दो पहिया वाहनों की कीमत में एक जनवरी से बढ़ेगी कीमत



**शहडोल।** नए साल में एक जनवरी से दो पहिया वाहनो की कीमत में वृद्धि हो रही है।टीवीएस मोटर कंपनी के टू-व्हीलर वाहन की कीमत में भी इजाफा होने वाला हैं। इन बाइक और स्कूटर की कीमत में करीब तीन हजार तक की बढ़ोतरी हो सकती है।नए साल के आने के साथ केवल तारीख ही नहीं बदलती, बल्कि काफी कुछ बदल जाता है। नया साल आने में अब केवल दो सप्ताह रह गया है,ऐसे में नए साल में टू व्हीलर गाड़ी के महंगे होने से पहले टीवीएस मोटर कंपनी के दो पहिया वाहन खरीद कर करीब तीन हजार तक के लाभ उठा सकते हैं। टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय मेन डीलर मनोज गुप्ता ने बताया कि नए साल में बाइक की कीमत बढ़ने से पहले करीब तीन हजार सस्ते में टीवीएस बाइक खरीदने के अवसर को हाथ से न जाने दें। उन्होंने ने बताया कि नया साल आते ही टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने स्कूटर, बाइक की कीमत में वृद्धि कर रहे हैं। खरीदे टीवीएस वाहन बिल्कुल सस्ते कीमत पर टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय मेन डीलर मनोज गुप्ता ने बताया कि टीवीएस के वाहनो में बेस्ट इंजन,अच्छे माइलेज,बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ काफी लग्जरी फीचर्स ग्राहकों को काफी लुभाता है। टीवीएस मोटर कंपनी के द्वारा कम कीमतों में ढेर सारी खूबियां अपने मोटरसाइकिल स्कूटर में प्रदान करती हैं। उन्होंने ने बताया कि दमदार इंजन के साथ प्रीमियम फीचर्स और लग्जरी लुक टीवीएस के मोटर साइकिल स्कूटर में काफी तगड़ा और जबरदस्त लुक देखने को मिलता है ,साथ ही काफी ज्यादा स्टाइलिश के साथ डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर स्पीडोमीटर ऑडोमीटर और ट्रिप मीटर जैसी कई फीचर्स टीवीएस के दो पहिया वाहनो में देखने को मिल जाएंगे। इसके अलावा डिस्क ब्रेक, ट्यूबलेस टायर,एलईडी स्क्रीन,आकर्षक माइलेज के साथ जबरदस्त फीचर्स से समाहित अनेक खूबियों से परिपूर्ण दो पहिया वाहन कम कीमतों में उपलब्ध हैं।टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय मेन डीलर मनोज गुप्ता ने बताया कि कम ब्याज दरों एवं आसान किस्तों पर भी बाइक को अपने घर ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिक्री के बाद भी टीवीएस शोरूम में बेहतर सेवा प्रदान की जाती है। उन्होंने ने बताया कि ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा देने के लिए टीवीएस शोरूम के सेल्स,सर्विस,स्पेयर पार्ट्स ,ऑटोमैटिक सर्विस सेंटर और आकर्षक कलर मॉडल के साथ एवं फाइनेंस की टीम सेवा भावना से पूरी तरह संतुष्टी पूर्वक सेवा ग्राहकों को प्रदान करती है।



# सहकार भारती जिला कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** सहकार भारती ज़िला कोर कमेटी की बैठक शनिवार को शहडोल में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश प्रमुख क्रेडिट प्रकोष्ठडॉ. गोपाल प्रसाद निगम, संभाग अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह के साथ ज़िलाध्यक्ष संजय निगम, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री निखलेश तिवारी, महिला प्रमुख संगीता शुक्ला एवं राजेश निगम, विशिष्ट सदस्य उपस्थित रहे। कोर कमेटी में मुख्य रूप से कल दिनांक 22 दिसम्बर 24 को ज़िला समिति की प्रथम बैठक के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई । सहकार भारती ज़िला शहडोल की बैठक कल दिनांक 22 दिसम्बर 24 दोपहर 2 बजे ज़िला संघ कार्यालय शहडोल में आयोजित की गई है।बैठक में निर्धारित समय पर सभी सदस्य उपस्थित हो । ज़िला सहकार भारती महिला प्रमुख संगीता शुक्ला को मध्यप्रदेश शासन द्वारा पांडुलिपि पत्रिका के लिए चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रथम पीटीए की बैठक

**शहडोल।** जवाहर नवोदय विद्यालय ब्यौहारी मऊ में 21दिसंबर 2024 को पूर्व एजेंडा के अनुसार पी टी ए के सभी सद्स्यों की उपस्थिति में प्राचार्य श्री मती उमा पी राउत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के विकास रख रखाव एवं विद्यालय परिसर को पॉलिथिन मुक्त करने का प्रस्ताव प्राचार्य द्वारा रखी गई। स्वच्छता व्ययवस्था एवं साफसफाई को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्य श रामनारायण पांडेय के द्वारा यह प्रस्ताव भी रखा गया कि विद्यालय में आने जाने वाले अभिभावकों के लिए बैठने की व्ययवस्था विद्यालय परिसर में नहीं है। अभिभावक इधर उधर भटकते हैं इसलिए अगली बैठक में बैठक कक्ष निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव रखा जाय इस प्रस्ताव पर उपस्थित समस्त लोगो ने ध्वनि मत से समर्थन किया। यम पी सिंह नुपेंद्र सिंह बघेल, परणिया मिश्रा सदस्य के रूप में रामनारायण पांडेय, जयसिंहनगर, धनीराम सिंह ब्योहारी, माधवी सिंह ब्योहारी, कोमल सिंह उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित हो पुल से टकरई चालक की मौके पर मौत



ब्योहारी।

20 दिसम्बर के दरम्यानी रात थाना ब्योहारी अंतर्गत ग्राम मैर तहसील ब्योहारी निवासी महेश सिंह पिता कल्लू सिंह गोंड उम्र 20 वर्ष की ग्राम नौढ़िया मे टर्निंग के पास गेरूहा नाला मे बने पुलिया से टकराकर पुलिया से नीचे गिर जाने के कारण मौत हो गयी है। पुलिस द्वारा जानकारी दी गयी कि महेश सिंह का परिवार ब्योहारी मे रहता था जो लगभग 8. 40 मे अपने घर मैर से ब्योहारी मोटर सायकल से आ रहा था। कयास लगाया जा रहा है कि मोटर सायकल तेज होने के कारण टर्निंग मे कट नहीं पाया होगा और अनियंत्रित होकर मोटरसायकल पुल से टकरा कर निचे गिर गयी होगी जिस कारण उसकी मौत हो गयी है। घटना लगभग 10 बजे रात की बताई जा रही है। ब्योहारी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने किए जा रहे प्रयास



**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** नवीन शिक्षा नीति के उचित रूप से क्रियान्वयन और जिले के 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को निजी स्कूलों के तरह प्रारंभिक शिक्षाए तकनीक के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाने के लिए प्रोजेक्ट गूरूकुल 6 आंगनवा?ी केन्द्रों में संचालित किया जा रहा है। डिंडौरीए समनापुर और शहपुरा विकासखंड के चिन्हित आंगनवा?ियों में प्रोजेक्ट गुरूकुल के तहत बच्चों के शिक्षा स्तर को सुदृ? करने का प्रयास जारी है। निजी एवं सरकारी स्कूलों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभ हुई नर्सरी के समकक्ष आंगनवाडी केन्द्र की प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को विकसित करने के उद्देश्य पर प्रोजेक्ट गुरूकुल कार्य कर रहा है। इसके माध्यम से बच्चों एवं माता पिता की आंगनवाडी केन्द्र में सहभागिता को बढावा दिया जा रहा है। बच्चों को सैधांतिक के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा भी सिखाई जा रही है। जिले में प्राथमिक शिक्षा से स्कूल छोडने की प्रवृत्ति देखी जाती हैए जिसके लिए बच्चों को आंगनवा?ी केन्द्र के माध्यम से ही शिक्षा की नींव मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे शाला त्यागदर में कमी आए।प्रोजेक्ट गुरूकुल के तहत तकनीकीए सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा के प्रशिक्षण हेतु भोपाल की निजी संस्था से समन्वय कर प्रशिक्षण प्राप्त किया गयाए जिसमें जिले के 03 परियोजनाओं के 12 आंगनवाडी कार्यकर्ताए पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी को दो दिवसीय प्रशिक्षण भोपाल के निजी संस्था में प्रदान किया गया। संस्था के द्वारा आंगनवाडी केन्द्र के 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु पाठ्य सामग्री प्रदाय किया गया इसके साथ ही प्रतिदिन शिक्षा हेतु योजना तैयार की गई। प्रतिमाह संबंधित संस्था से प्रोजेक्ट गुरूकुल अंतर्गत आने वाले आंगनवाडी कार्यकर्ताए पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी का ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । जिले के 6 आंगनवाडी केन्द्रों के 3 से 6 वर्ष के 157 बच्चों को प्रोजेक्ट गुरूकुल अंतर्गत शिक्षा प्रदान की जा रही है। साप्ताहिक एवं त्रिमासिक लर्निंग प्लान बनाकर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है।

# शासकीय कॉलेज परिसर में किया गया ध्यान दिवस का आयोजन



**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** करंजिया मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय परिसर में शनिवार को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रमोद वास्पे के मार्ग दर्शन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर प्राचार्य वास्पे ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि भारत देश में योग और ध्यान का उपयोग अनादिकाल से चला आ रहा हैं हमारे ऋषि मुनि और सिध्द पुरुष इस विधि में पारंगत थें उन्हीं के द्वारा बताए गये नियमों का पालन करते हुए आज सारे जगत के अनुसरण कर गंभीर बीमारियों से लाभ प्राप्त कर रहें। इसलिए हम सभी को स्वस्थ जीवन के लिए इन्हें अपनाना चाहिए। संबोधन की अगली क?ी में डॉ प्रेम शंकर साहू ने ध्यान की विभिन्न अवस्थाओं को बताते हुए इसके उपयोग करने की विधि को समझाया। प्रो अजय सिंह द्वारा ध्यान के इतिहास का संक्षिप्त परिचय कराते हुए कहा कि प्राचीन काल में ऋषि मुनियों एवं संत महात्माओं ने योग और ध्यान को अपना कर अपने जीवन को सफल बनाया है। वर्तमान के भागदौ? भरी जिंदगी में तनाव युक्त जीवन को किस आसान बनाने के लिए योग और ध्यान के माध्यम से अनुसरण करके साधारण बनाया जा सकता।

## मारपीट में बीच बचाव करने वाले 12 वीं के छात्र की इलाज के दौरान मौत

### मारपीट के दौरान पेट में आंतरिक चोट लगने से छात्र की मौत

डिंडौरी स्वतंत्र मत।

जिला मुख्यालय में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोंदूटोला में विगत दिनों हुए ल?ाई झग? में लगभग आधा दर्जन छात्रों ने 12 वी में अध्ययनरत छात्र सूर्यभान मार्को की जमकर पिटाई कर दीए जिससे छात्र की ईलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार



11 दिसम्बर को कक्षा 10 वी का अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित किया गया थाए परीक्षा के बाद कक्षा 10वी के एक छात्र की कुछ लोग स्कूल के पास ही मुख्य मार्ग के किनारे पिटाई कर रहे थे। वही पास में मंगल के घर किराए पर कमरा लेकर सूर्यभान मार्को निवासी मोहनझिर ग्राम पंचायत चिचरिंगपुर रहता थाए उसने ल?ाई झग?ा कर रहे छात्रों के बीच बचाव किया थाए जिससे नाराज होकर आधा दर्जन छात्रों ने सूर्यभान पर हमला कर दियाए बताया गया कि मारपीट के 2 दिन तक छात्र परीक्षा में सम्मलित हुआ हैए तबियत खराब होने पर गांव मोहनझिर चला गया थाए पेट दर्द होने पर परिजनों ने शहडोल अस्पताल में भर्ती कराया थाए जहाँ उपचार के दौरान सूर्यभान की 21 दिसम्बर को मौत हो गई।



## अमरपुर महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। ध्यान अभ्यास के लिए प्रशिक्षक मनीष गायकवा? एवं लाल सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा महाविद्यालयीन छात्र.छात्राओं को ध्यान अभ्यास कराया गया एवं ध्यान से होने वाले विभिन्न शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य जनक लाभों से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्रभारी प्राचार्य संदीप सिंह देव प्रकाश उईके, रूपेंद्र डॉ. सीमा सस्त्या डॉ. सुनील उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्वरोजगार को मिल रहा बढ़ावा



**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** जून 2020 से प्रारंभ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आज स्ट्रीट वेंडर और छोटे व्यवसायियों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत स्ट्रीट वेंडरों और छोटे व्यवसायियों को कार्यशील पूंजीऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए तक की कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। समय पर इस ऋण का पुर्नभुगतान करने पर 20 हजार रूपए ऋण की दूसरी और 50 हजार रूपए ऋण की किस्त की सुविधा प्रदान की जा रही है।

योजना के तहत प्रतिवर्ष 1200 रूपए तक कैशबेक के माध्यम से डिजीटल लेनदेन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत जिले के रेहडीए स्ट्रीट वेंडरए छोटे व्यवसायियों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने के लिए विक्रेता के पास शहरी स्थानीय निकायों द्वारा जारी वेंडिंग प्रमाण पत्र या पहचान पत्र होना आवश्यक है।

योजना का क्रियान्वयन शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के माध्यम से जहां एक ओर छोटे व्यवसायियों को आवश्यक ऋण उपलब्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर डिजीटल पेमेंट को भी ब?ावा मिल रहा है। शहरी आजीविका मिशन प्रबंधक श्रीमती श्वेता तिवारी ने बताया कि पीएम स्वनिधि के माध्यम से जिले में दो हजार से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं एवं लगातार ऋण आवेदनों को स्वीकृत किया जा रहा है।

पीएम स्वनिधि योजना से ऋण प्राप्त कर मनोज मिश्रा की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उनकी आर्थिक स्थिति पूर्व में ठीक नहीं थीए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध में जानकारी मिलने पर उन्हें आजीविका मिशन के सहयोग से यूनियन बैंक के द्वारा 10 हजार रूपए की प्रथम किस्त प्राप्त हुईए जिससे प्रारंभिक तौर पर व्यवसाय करने में सुविधा हुई। व्यवसाय में वृद्धि के साथ मनोज मिश्रा के द्वारा प्रथम किस्त की राशि चुकाने के बाद 20 हजार रूपए की दूसरी किस्त प्राप्त हुई तथा इसी क्रम में उन्हें 50 हजार रूपए की तीसरी किस्त भी व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए प्रदान की गई। पीएम स्वनिधि के माध्यम से आज मनोज मिश्रा की जीवन में एक बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। इसी प्रकार नगर क्षेत्र के सीताराम गुप्ताए श्रीमती अर्चना चैरसियाए दीपचंद जैसे अनेकों लोगों को पीएम स्वनिधि के माध्यम से ऋण प्राप्त हुआ है जिससे उनके जीवन में सार्थक बदलाव आया है।

## शनिवार को रहा साल का सबसे छोटा दिन

# क्रिसमस के बाद पड़ेगी कड़ाके की ठंड

### एक्टिव हो रहा शक्ति शाली पश्चिमी विक्षोभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शनिवार को साल का सबसे छोटा दिन रहा । सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच का समय मात्र 10 घंटे 42 मिनट का रहा। वहीं शहर की बात करें तो सूर्योदय 6.48 पर तो वहीं सूर्यास्त 5.30 पर रहा। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण के कारण 21 दिसंबर को सूर्य मकर रेखा पर लंबवत् होगा। आज से ही ठंड के लिए सबसे प्रसिद्ध शिशिर ऋतु की शुरुआत भी हो रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 21 मई को दिन सबसे बड़ा होता है। इधर पश्चिमी विक्षोभ के असर से आसमान पर छाए बादलों के कारण तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी रिकॉर्ड की जा रही है। यह क्रम आज भी जारी रह सकता है। 23 से 26 दिसंबर तक ठंड के बाद 27 से एक बार फिर शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ के कारण साल के अंत और साल की शुरूआत में बादल-पानी के चांस बन रहे हैं।



### शीतलहर की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी इलाकों में बर्फवारी अभी जारी है शुक्रवार देर शाम अचानक शीतलहर का अहसास किया जाता रहा। शनिवार को सुबह इसकी सक्रियता रही। बताया जा रहा है कि अचानक शीतलहर सक्रिय हो सकती है भले ही न्यूनतम तापमान में चढ़ाव आ गया है लेकिन ठंडी हवायें हावी हो सकती हैं।

### ऐसी रहा तापमान

स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम तापमान भी कल शाम सामान्य से 2 डिग्री अधिक 28.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया था। गत वर्ष आज ही के दिन शहर का अधिकतम तापमान 23.7 डिसे और न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

## हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में

# एनीमिया चेकअप कैंप में दी बेहतर सलाह







**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की अध्यक्षता में एनीमिया चेक अप कैंप एवं मेंस्ट्रअल हाइजीन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में एनीमिया चेकअप कैंप में 60 छात्राओं का एनीमिया टेस्ट किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में जबलपुर मेनोपॉज सोसाइटी की प्रेसिडेंट डॉ. अलका अग्रवाल एवं सेक्रेटरी डॉ. निधि जैन उपस्थिति रही। डॉ. निधि जैन द्वारा एनीमिया के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डालते हुए मासिक धर्म और उससे होने वाली रक्ताल्पता के बारे में बताया गया। साथ ही उनसे बचाव की जानकारी प्रदान की गई। खान-पान में आयरन, प्रोटीन, फोलिक एसिड तथा विटामिन युक्त भोजन के साथ-साथ योगाभ्यास एवं व्यायाम, दिनचर्या में सुधार व फास्ट फूड भोजन से दूर रहने की सलाह दी गई।

**पीसीओडी उपचार के हैं कई विकल्प**-डॉ. अलका अग्रवाल ने पीसीओडी के बारे में गहन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजिज (पीसीओडी ) महिलाओं में एण्ड्रोजन (पुरुष हार्मोन) की अधिकता से होने वाला विकार हैं। पीसीओडी के लक्षणों में अनियमित माहवारी या पीरियड्स नहीं आना, दर्दभरा व लम्बा मासिक धर्म, चेहरे पर अनचाहे बाल, मुंहासे, पेल्विक दर्द, संतान प्राप्ति में कठिनाई होना है। पीसीओडी के उपचार के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें जीवनशैली में बदलाव, दवाइयां और प्राकृतिक उपचार शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की नैक कॉर्डिनेटर डॉ. निरूपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, वर्षा दुबे, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, सुश्री संतोष ठाकुर, प्रेमलता चौबे एवं विजय दहायत, सुधा का योगदान रहा।

# लोक के साथ परलोक के भी कल्याणक हैं शिव

### धूमधाम से मनाया कार्तिकेय का जन्मोत्सव



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भगवान शिव अपने भक्त पर सदा सर्वदा कृपा करते हैं और इस लोक के साथ साथ परलोक में भी जीव का कल्याण करते हैं। शिव की पूजा भक्ति करने से इस लोक में मनुष्य को सुख प्राप्त होता है और मृत्यु के बाद परलोक पहुंचने पर वह शिवलोक का निवासी होता है। भोलेनाथ थोड़ी सी भक्ति से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उक्त उदगार कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र दुबे शास्त्री जी महाराज ने व्यासपीठ से व्यक्त किए। कथा में भगवान कार्तिकेय का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यजमान अजय शुक्ला, अंजना शुक्ला, तेजराम पटेल, आशीष श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, राहुल परिहार, गोली मतानी, किशन मतानी, शंकर मतानी, अमित रंजन, स्वेता रंजन, मधु श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद चौबे, अनीता चौबे, अनिल पटेल, अनिल साहू, राकेश विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कथा में रिटायर्ड डीएसपी सारिका पांडे, इंदिरा त्रिपाठी, नितिन पटेल अन्य भक्त उपस्थित रहे। भक्तों ने व्यासपीठ का पूजन कर किया और कथा व्यास सुरेंद्र दुबे शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### एमकेबी कॉलेज में मनाया विश्व ध्यान दिवस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मानकुंवर बाई महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस संस्था के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था की ओर से रूचिवर्धन मिश्रा आईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ध्यान करवाया गया व छात्राओं के ध्यान का अनुभव व ध्यान के फायदे के बारे में बताया गया। रूचिवर्धन मिश्रा महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा व हार्टफुलनेस प्रशिक्षक है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत व परिचय करवाया व आभार प्रदर्शन डॉ. कामना श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. बी.एन. त्रिपाठी, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. सपना चावला, डॉ. ज्योति जाट डॉ. सपना चौहान, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. वरूणराव बंसोड़कर, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. सुनीति सेन, डॉ. संध्या पचौरी, डॉ. बलिराम अहिरवार, डॉ. अरूणा, डॉ. नुपुर निखिल देशकर, अभिषेक कोष्टा, प्रतिभा मंडलोई, उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा

# राजाराम, आसिफ, आकाश, विकास जयदेव और चंद्रभान ने जीते खिताब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




एमेच्योर बॉडी बिल्डिंग संघ के तत्वाधान में पंडित विश्वनाथ दुबे स्मृति मप्र एमेच्योर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा एवं पंडित कुंजीलाल दुबे स्मृति मध्य प्रदेश श्रेष्ठ बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा का आयोजन मानस भवन में फिनिक्स पोल्ट्री द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मेजबान जबलपुर सहित भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, मंडला, नरसिंहपुर, सतना के लगभग 147 बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया। सर्वप्रथम उद्घाटन अवसर पर हनुमान जी के तेल चित्र पर जानकी रमन परिवार के दो अभिजात कृष्ण त्रिपाठी बी के पाठक महासचिव राकेश तिवारी, अशोक कपूर, शकील अनवर, सचिन यादव आदि के द्वारा पुष्प अर्पण कर दीप प्रचलित किया गया। विभिन्न जिलों से आए 147 बॉडी बिल्डर के बीच भारी कशमकश के पश्चात निर्णय को ने मध्य प्रदेश उदय का किताब मुरैना के राजा राम कुशवाहा किशोर का खिताब, जबलपुर के मोहम्मद आसिफ मूसा मप्र केसरी का खिताब, जबलपुर के विकास कनौजिया मध्य प्रदेश कुमार,जबलपुर के आकाश यादव एवं मध्य प्रदेश श्री का खिताब जबलपुर के चंद्रभान धुर्वे ने अर्जित किया। विभिन्न खिताबों के प्रत्येक वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बॉडीबिल्डर को मप्र श्रेष्ठ स्पर्धा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ एवं भारी कशमकश के बीच जबलपुर के चंद्रभान धुर्वे को मध्य प्रदेश श्रेष्ठ का किताब निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किया गया। वहीं मोस्ट मस्कुलर का खिताब जबलपुर के जय देव राय एवं बेस्ट पोजर का खिताब जबलपुर के ही मोहम्मद आसिफ को चुना गया।

निर्णयाकों की भूमिका निर्वहन अशोक कपूर, शकील अनवर, राकेश तिवारी, इंद्रपाल सिंह जोगी, सपन राय, शैलेंद्र श्रीवास्तव, लखन नायक ने किया। स्कोरर जीएस चौहान मोइनुद्दीन रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सचिन यादव द्वारा किया गया, ग्रीन रूम इंचार्ज का दायित्व अमित सोनकर, शादाब अंसारी, रंगोली अब्बासी ने किया।

# हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपरा रही है ध्यान



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में शनिवार को विश्व ध्यान दिवस का आयोजन नवांकुर स्व सेवा संयोजन समिति सिहोरा के द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुषमा कर्चुलि द्वारा ध्यान पर छात्र-छात्राओं से परिचर्चा की गई एवं ध्यान की विभिन्न क्रियाओं को विद्यार्थियों के साथ किया गया। इसी कार्यक्रम में सुषमा सिंह ने विद्यार्थियों को ध्यान क्यों करना चाहिए, ध्यान क्या है और इससे हमें क्या-क्या लाभ होते हैं उन सब पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति की मीनू परिहार, अंजना मिश्रा, आकांक्षा गर्ग ने भी अपने विचार साझा किये। मंच संचालन छात्र हर्ष सोनी के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. एसके मेहरोलिया के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, डॉ. अनंदीलाल कुर्मी आदि उपस्थित रही।

### अभा कायस्थ महासभा ने बांटे बैग और कम्पास

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने से बढकर न तो कोई समाज सेवा है और न कोई पुनीत कार्य बैग और कम्पास पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे अवसर था अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव मार्गदर्शन एवं अभा कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक खरे के संयोजन में जयनगर लेबर चैक के समीप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के छात्रों को बैग एवं कम्पास का वितरण प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, विवेक खरे मनीष खरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, मनीष खरे, एड. भानू श्रीवास्तव, प्रियंक श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, स्वपनिल श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, आदित्य सक्सेना, गौरव श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवस्तव, अनुज श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बुलेट बुकिंग के नाम पर 18 लाख हड़पे

#### सेल्समैन अरेस्ट, सट्टे में उड़ा दी बुकिंग की रकम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मोटर साइकिल शोरूम में काम करने वाले एक सेल्समैन ने अपनी कंपनी को ही लाखों रुपए का चूना लगा दिया है। आरोपी ने बुकिंग के नाम पर लोगों से राशि लेकर पूरी रकम जुए, सट्टे में उड़ा दी है। पुलिस ने शोरूम मालिक की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी का नाम आशीष यादव है जो कि सिवनी जिले का रहने वाला है। विगत 5 सालों से वह जबलपुर के शारदा चौक स्थित एक रॉयल इन्फील्ड शोरूम में काम कर रहा था। इसी दौरान आरोपी सेल्समैन आशीष ने लगभग 11 ग्राहकों से 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी करते हुए उनके पैसे हड़प लिए। बताया जा रहा है कि शोरूम में जो भी ग्राहक नई बुलेट बुक करवाने आता था, आरोपी आशीष उनसे बुकिंग की राशि के नाम पर रकम अपने खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से डलवा लेता। था। जिसे बाद में वह जुआ, सट्टे में इस्तेमाल कर लेता था। बहरहाल पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# सेंट अलॉयसियस स्कूल में वार्षिक खेलों का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शनिवार को गौर स्थित सेंट अलॉयसियस विद्यालय में 8वां वार्षिक खेलों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक स्थायी भविष्य के लिए मूल्यों को एकत्र करने के साथ नवीन शिक्षा रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, विशिष्ट अतिथि रेव. फादर जॉर्ज थॉमस कैथोलिक डायसिस ऑफ विद्यालय के मैनेजर फादर तंकाचन जोस और प्रधानाचार्य आरोग्य राजा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् द्वीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराने के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन नृत्य की प्रस्तुति हुई विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी के मार्गदर्शन में आयोजित खेल दिवस में छात्र-छात्राओं के लिए 100 मी, 200 मी रिले दौड़ आयोजित की गई। छोटे बच्चों द्वारा रंग बिरंगे परिधान पहनकर प्रभु येशु के आने की में खुशियों को प्रगट करते हुए क्रिसमस डांस प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल सचिव पूजा सिसोदिया, खेल शिक्षक अतुल पटेल आदि का योगदान रहा ।

# अंतराष्ट्रीय नेमा साहित्य मंच ने किया बुजुर्गों का सम्मान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बुजुर्ग समाज की पूंजी, उनके सम्मान से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं, उक्त उद्गार मंथनश्री के संस्थापक संतोष नेमा ने अंतरराष्ट्रीय नेमा साहित्य मंच के द्वारा आदेगांव में अति बुजुर्ग नागरिकों के सम्मान के अवसर पर व्यक्त किये. मंच के संयोजक विजय नेमा अनुज ने कहा कि बुजुर्गों को पूर्ण सम्मान,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी समाज की है ताकि उनको परिपूर्णता का बोध हमेशा होता रहे। उन्होंने कहा कि सम्मान का यह क्रम लगातार जारी रहेगा, विगत दिनों मंच द्वारा आदेगांव में 95 वर्षीय श्रीमती श्यामवती नेमा, 92 वर्षीय, सावित्री नेमा, 94 वर्षीय श्रीमती कृष्णा नेमा का उनके घर जाकर सम्मान शाल,श्रीफल,माल एवं मानपत्र देकर किया गया। उल्लेखनीय है कि मंच द्वारा पूर्व में सतना,नरसिंहपुर,बांसवाड़ा करेली,गोटेगांव,मेख, जबलपुर कमती इमलिया, आदि स्थानों में जाकर अति वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जा चुका है। आदेगांव में समाज के वरिष्ठ नागरिक सोमनाथ नेमा ने मंच द्वारा किए जा रहे अति बुजुर्ग नागरिकों का उनके घर जाकर सम्मान करने की खुलकर सराहना की। परिवार के लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए मंच की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर धरम चंद नेमा, सोमनाथ, राजू, अशोक, पप्पू, सोनू, कविता, रेखा, अनूप, सुनील नेमा सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति उल्लेख रही।

### मिष्ठान भंडार के संचालक पिता-पुत्र से की मारपीट

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र के बिलहरी में अमृत भोग मिष्ठान भंडार के संचालक पिता-पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह पूरा घटनाक्रम पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। मामले को लेकर अमृत भोग के संचालक आकाश गुप्ता ने बताया कि वह अपनी दुकान में बैठा था। इतने में पास में ही नर्मदा मिष्ठान भंडार चलाने वाले विशाल गुप्ता का साला अमोल दुकान में आया और पानी की बोतल खरीदी और मिठाई खाई और बिना रुपए दिए जाने लगा। इस पर जब उसने रुपयों की मांग की तो वह गाली-गलौच करने लगा और अपने साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर दी। आवाज सुनकर जब आकाश के पिता बीच बचाव करने आये तो अमोल और उसके साथियों ने पिता के ऊपर लोहे कड़े से हमला कर उनके सिर में गंभीर चोट पहुंचाकर मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती आज

# गणित वैज्ञानिक प्रगति की आधारशिला है

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारत में गणित की समृद्ध परंपरा रही है इसी श्रंखला में श्रीनिवास रामानुजन शुद्ध रूप में गणितीय व अन्य सिद्धांतों को लिखने एवं सिद्ध करने की वैदिक परंपरा के आधुनिक युग के महान गणितज्ञ थे। 22 दिसंबर को उनकी जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। गणित का जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि गणित वैज्ञानिक प्रगति की आधारशिला है। आज के विकसित समाज में जनजीवन के लिए गणित एक बुनियादी आवश्यकता है। कंप्यूटर के इस युग में गणित की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। श्रीनिवास रामानुजन द्वारा प्रतिपादित सभी प्रमेय आज भी गणितज्ञों एवं शोधकर्ताओं द्वारा सिद्ध नहीं किए जा सके हैं। इनकी कृति रामानुजन डायरी शीर्षक से प्रकाशित हुई है। इनका पूरा नाम श्रीनिवास रामानुजन था। 1887 में 22 दिसंबर को उनका जन्म हुआ और उनका जीवन बहुत लंबा नहीं था। 26 अप्रैल, 1920 को उनकी मृत्यु हो गई। छोटे से जीवन में गणित के क्षेत्र में उनके महान योगदान की वजह से 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।

**इन सरल शॉर्टकट का उपयोग करें**- यदि अंतिम अंक 2 का गुणज (210) हो तो 2 से विभाज्य। 3 से विभाज्य यदि अंकों का योग 3 से विभाज्य हो (522 क्योंकि अंकों का योग 9 होता है, जो 3 से विभाज्य है)। 4 से विभाज्य यदि अंतिम दो अंक 4 से विभाज्य हों (2540 क्योंकि 40, 4 से विभाज्य है)। यदि अंतिम अंक 0 या 5 है तो 5 से विभाज्य (9905)। यदि यह 2 और 3 दोनों के नियमों को पूरा करता है तो यह 6 से विभाज्य होगा (408)।



9 से विभाज्य यदि अंकों का योग 9 से विभाज्य हो (6390 क्योंकि 6 + 3 + 9 + 0 = 18, जो 9 से विभाज्य है)। यदि संख्या शून्य पर समाप्त होती है तो 10 से विभाज्य होगी (8910)। यदि 3 और 4 से विभाज्यता के नियम लागू हों तो 12 से विभाज्य।

**उंगली गुणन सारणी**-हर कोई जानता है कि आप अपनी उंगलियों पर गिनती कर सकते हैं। क्या आपको पता है कि आप उन्हें गुणा करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं ? 9 गुणन तालिका करने का एक सरल तरीका यह है कि आप अपने दोनों हाथों को अपनी उंगलियों और अंगूठे को फैलाकर अपने सामने रखें। 9 को किसी संख्या से गुणा करने के लिए, उस संख्या वाली उंगली को नीचे की ओर मोड़ें, बाईं ओर से गिनती करें।

**उदाहरण-** 9 को 5 से गुणा करने के लिए, बाईं ओर से पाँचवीं उंगली को मोड़ें। उत्तर पाने के लिए मोड़ के दोनों ओर की उंगलियों को गिनें। इस मामले में, उत्तर 45 है। 9 को 6 से गुणा करने के लिए छठी उंगली को नीचे मोड़ें, जिससे उत्तर 54 आएगा।

**- डॉ नीलेश पांडेय**
**प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर**

सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत

# ग्राम बिलासपुर में आयोजित शिविर में 48 में से 14 प्रकरणों का किया गया निराकरण

## कलेक्टर ने सर्वे दल को पुनः घर घर सर्वे कर आवेदन प्राप्त करने के दिए निर्देश


उमरिया।

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन ग्राम की ओर कार्यक्रम के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो में सुशासन सप्ताह शिविरों का आयोजन किया जा रहा है , जिनके माध्यम से घर घर सर्वे के दौरान प्राप्त शिकायतो तथा शिविर में प्राप्त शिकायतो का निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियो के माध्यम से मौके पर किया जा रहा है । जिन शिकायतो का निराकरण मौके पर संभव नही है उनके निराकरण के लिए समय सीमा तय की गई है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बिलासपुर तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत में पंचायत भवन मे आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया । ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों के माध्यम से आवेदनों का निराकरण कराया । उन्होनें आवेदनों की संख्याा कम होने पर नाराजगी प्रकट की तथा निर्देश दिए कि सर्वे दल को पुनः घर घर भेजकर आम जनता से समस्यायें प्राप्त की जाए तथा उनका निराकरण कराया जाए । शिविर में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे श्रम विभाग के 19 तथा राजस्व विभाग के 33 आवेदन शामिल है । मौके पर ही 14 आवेदनों का निराकरण किया गया , जिसमें राजस्व विभाग के 8 तथा सामाजिक न्याय विभाग के पेंशन से संबंधित 6 प्रकरण शामिल है ।



शिविर में कमिश्कर शहडोल संभाग की प्रतिनिधि जनजातीय कार्य विभाग की उपायुक्त ऊषा अजय सिंह तथा सहायक संचालक जे पी नापित , तहसीलदार आशीष शर्मा, सरपंच ज्ञानचंद्र सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बांधवगढ़ में छोड़े गये जंगली हाथियों की टीम 24 घंटे कर रही निगरानी



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला और खितौली रेंज में कॉलर आईडी लगाकर छोड़े गए दो हाथी अपने क्षेत्र में स्थिर हैं। अब तक इन्होंने किसी भी प्रकार से किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है और न ही दूसरे क्षेत्र की ओर इनका मूवमेंट हुआ है। पार्क प्रबंधन हर पल नजर इखा रहा है। इनकी निगरानी के लिए अलग-अलग टीम लगाई गई है।

अधिकारी हर घंटे कॉलर आईडी की मदद से इनके मूवमेंट की अपडेट ले रहे हैं। दोनों हाथी प्रतिदिन क्षेत्र में 10-15 किमी विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा इनके खान पान व अन्य हाथियों के बीच मौजूदगी को लेकर भी नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि अभी तक यह किसी झुंड का हिस्सा नहीं बने हैं। बताया जा रहा है कि दोनों हाथियों में से एक गढ़पुरी क्षेत्र में और दूसरा छोटा कछार में स्थाई तौर पर विचरण कर रहा है।

कॉलर आईडी लगाने के बाद इन हाथियों की निगरानी भी की जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनो हाथियों की निगरानी के लिए एक एक वाहन में पार्क प्रबंधन की टीम 24 घंटे इनकी देख रेख कर रही है। कॉलर आईडी की मदद के साथ ही टीम भी इनके मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा इनकी गतिविधियों का भी आंकलन किया जा रहा है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने 9 दिसंबर को दोपहर 3 बजे हाथी को कॉलर आइडी पहनाकर जंगल में छोड़ा था। इसके पूर्व 20 नवंबर को भी एक हाथी को कॉलर आईडी लगाया गया था। इन दोनो हाथियों को अलग-अलग जगह से रेस्क्यू करने के बाद ताला के हाथी कैम्प में रखा गया था।इसके स्वभाव का परीक्षण करने के बाद दोनों हाथियो को बारी बारी से खितौली और ताला रेंज में छोड़ा गया है।

# कलेक्टर ने सिलपरी में केपीएसवेयर हाउस धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**उमरिया ।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सिलपरी स्थित केपी एस बेयर हाउस मे चल रहे धान उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया , जहां सरोज सोनी ने बताया कि अभी तक 48 किसानों व्दारा 3 हजार क्विंटल धान का उपार्जन कराया गया है। यहां 4 तौल कांटे लगाए गए है । बडी संख्या में किसान धान उपार्जन के लिए आ रहे है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने धान उपार्जन के कार्य में लगे अधिकारियो को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में तेजी लाई जाए । आवश्यकता पडने पर तौल कांटे बढाये जाए । उपार्जित धान का परिवहन शीघ्रता से किया जाए तथा किसानो का पेमेंट भी जल्द कराया जाए ।

## शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्या. उमरिया में करियर काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।

सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन ग्राम की ओर के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्या. उमरिया में जिला शिक्षा अधिकारी आर. एस. मरावी नोडल अधिकारी विनीत कुमार के. वी. मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार मिश्रा व सुश्री नीलम दुबे एवं प्राचार्य श्री ललन सिंह मरकाम की उपस्थिति में किया गया।

इस शिविर में मास्टर ट्रेनर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को करियर योजना, कौशल आधारित रोजगार ,के महत्व उच्च शिक्षा के विकल्प, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं करियर कार्ड के बारे में बच्चों को अवगत कराया। विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


# शासकीय महाविद्यालय बिलासपुर में विकसित भारत युवाओं की आवाज विषय पर वेबिनार आयोजित

उमरिया।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में दिनांक 19 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक डॉ सी बी सोदिया, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय उमरिया द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि महाविद्यालयीन छात्र छात्रों कि क्या भूमिका हो सकती है विकसित भारत बनाने में इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं दोनों मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया गया और वेबिनार का सुभारम्भ किया गया, इसके पश्चात दोनों वक्ताओं द्वारा अपनी बात राखी गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अभिषेक कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, दिल्ली विश्वविद्यालय ने विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज विषय पर अपना व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने कहा कि पढाई स्किल बेस्ड होनी चाहिए, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग, सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग पर फोकस करना चाहिए, हर शैक्षणिक संस्थानों को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक को अपनाने की बात कही जिससे की विकसित भारत के सपने को पूरा किया जा सके, इसके बाद द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ राजकुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा 2047 तक भारत कैसा होगा और देश के प्रधानमंत्री के सपने को कैसे पूरा कर सकते हैं इस पर व्याख्यान दिया और बताया की एक लक्ष्य बनाकर कार्य करने से ही यह सपना पूरा हो सकता है, इनके द्वारा एक प्रेरक वाकया के साथ अपना वक्तव्य पूरा किया गया। इस पूरे वेबिनार का सञ्चालन डॉ रवि सिंह, सहायक प्राध्यापक, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय डिंडोरी द्वारा किया गयां, वेलिडेटरी सत्र में श्री शिव कुमार हल्दकार, सहायक प्राध्यापक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया द्वारा दोनों वक्ताओं के व्याख्यान का सार प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात श्री रेमसिंह हटिला, सहायक प्राध्यापक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया, अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा वेबिनार के समापन की औपचारिक घोषणा की गई।

# पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस लाइन्स का किया वार्षिक निरीक्षण





सिंगरौली।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार रीवा जोन रीवा ने पुलिस लाईन पचौर का वार्षिक निरीक्षण किया। प्रातः 09 बजे पुलिस महानिरीक्षक डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार रीवा जोन रीवा का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात् प्लाटूनों का निरीक्षण किया। एवं उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया एवं परेड द्वारा मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई। वाहनो का निरीक्षण किया गया। सैनिक सम्मेलन-निरीक्षण उपरान्त् सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जिसमें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस?ओ के समाधान हेतु प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया। साथ ही पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियो के मनोबल को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पुलिस लाईन का निरीक्षण सैनिक सम्मेलन के उपरांत पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाईन का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रधान लेखक कक्ष, शस्त्रागार शाखा, स्टोर शाखा व वाहन शाखा, बी.डी.डी.एस का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा, पी.एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर , कृष्ण कुमार पाण्डेय, एस.डी.ओ.पी. सिंगरौली, राहुल सैयाम, एस.डी.ओ.पी. देवसर, आशीष जैन, एस.डी.ओ.पी. चितरंगी, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, सूबेदार आशीष तिवारी एवं समस्थ थाना / चौकि क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# निगम के वार्ड 13 में आयोजित जन कल्याण शिविरों का जायजा लेने पहुँचे नगर निगम आयुक्त

सिंगरौली।



राज्य शासन के आदेश पर नगर निगम सिंगरौली के वार्डा में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन नगर निगम के सभी वार्डों में बारी-बारी से किया जा रहा है। शिविर में आम जन न सिर्फ शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर निगम के वार्ड क्रमांक 13 में जन कल्याण शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करने के पश्चात उन्हे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराया गया। वार्ड 13 मे आयोजित शिविर का नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा जायजा लिया गया एवं शिविरि के उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओ के बारे में जानकारी ली गई। तथा शिविर में उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दियें गये कि शिविर के दौरान हर एक हितग्राही को चिन्हित कर पात्रता अनुसार उन्हे शासन की योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराये। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड में लगने वाले शिविरों की मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिविर में ही हितग्राहियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा रहा है। साथ ही निगमायुक्त के द्वारा वार्ड के हितग्राहियों से आग्रह किया गया कि आप सब आगे आकर शिविर के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठाएं। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती लालसा यादव, नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित शिविर में सलग्न अधिकारी कर्मचारी तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।



# विश्व ध्यान दिवस पर आदर्श ग्राम मुंडा में नवांकुर संस्था द्वारा करवाया गया ध्यान एवं योग

उमरिया

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में शनिवार 21 दिसंबर को नवांकुर संस्था जनहित मानव विकास सेवा संस्थान के द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर आदर्श ग्राम मुंडा में ध्यान एवं सूर्य नमस्कार व योग मुद्राये घनश्याम कुशवाहा के द्वारा सभी ग्राम के ग्रामवासी, छात्र छात्राओं को कराई गई। विश्व ध्यान दिवस मनाने का उद्देश्य, दरअसल सभी को उच्च स्तर के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से लाभान्वित बनाने में मदद करना भी है। अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम में पधारे सभी का आभार व्यक्त किया साथ ही बताया कि ध्यान से मानसिक शांति और सुख मिलता हैं। योग तनाव और चिंता को कम करने में सहायक होता हैं। योग से एकाग्रता और ध्यान को बढ़ाना, आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ाना शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यक्रम में सचिन गुप्ता अध्यक्ष, सूरज कुमार सोनी सचिव, कीर्ति सिंह परामर्शदाता, पूनम प्रजापति, पदमा प्रजापति , घनश्याम कुशवाहा, अंजनी सिंह शिवम सिंह राठौर एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान, परम्परा पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

शहडोल।

21 दिसंबर को शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में संयुक्त रूप से एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन हुआ जिसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में अर्थनीति एवं राजनीति में आयोजित हुआ महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य एवम संरक्षक डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी जी ने कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की इस वेबीनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस.पी. शुक्ला प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा आपका परिचय राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. लवकुश दीपेंद्र ने दिया डॉ. एस.पी. शुक्ला सर ने अपने उद्बोधन के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा विषय को वैदिक साहित्य,रामायण, तथा महाभारत काल के ऋषि मुनि परंपरा, धर्म ग्रंथ,उपनिषद साथ ही आपने भारतीय ज्ञान परंपरा को हाल ही में सिविल परीक्षा में शामिल किए गए इन विषयों को हमारे समस्त श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया साथ ही आपने शांति पर्व, मनुस्मृति पर प्रकाश डाला आपने कौटिल्य के अर्थशास्त्र, साथ ही ईसा मसीह के जन्म के पूर्व लिखी हुई मनुस्मृति के विभिन्न अध्यायों का वर्णन किया और बताया कि किस तरह से पहले राज्य को चलाने के लिए एक राजतंत्र में राजा कैसे काम करता था जिसमें दंड नीति और अर्थनीति को सटीक रूप से सभी श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

वेबीनार के द्वितीय विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. नरेंद्र कुमार हनोते सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई जिला बैतूल आपका परिचय महाविद्यालय के प्रोफेसर गजेंद्र परते समन्वयक विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने दिया डॉ नरेंद्र कुमार हनोते ने अपने उद्बोधन का प्रारंभ सर्वे भंतु सुखिनः सर्वे भवंतु निरामया श्लोक के साथ किया तथा उन्होंने भारत की विश्व कल्पना देने वाली वसुदेव कुटुंबकम की बात कही इसी के साथ अपने धर्म,काम,मोक्ष के अर्थ पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा में अर्थनीति और राजनीति के विषय पर भूरि भूरि प्रशंसा की इसी के पश्चात आपने लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार से पाश्चात्य चिंतन ने भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ दुर्व्यवहार किया, आपने आईआईटी,आईआईएम के उदाहरण देते हुए कहा किस प्रकार से प्राचीन पाश्चात्य राजनीति ने भारतीय वैदिक साहित्य पर आघात पहुंचाया आपने बताया कि जिस प्रकार व्यक्ति कर्म करता है उसे वैसे ही पुनः फ्ल भी प्राप्त होते हैं आपने भारतीय ज्ञान परंपरा में रामायण, महाभारत, 18 पुराण, 3 स्मृति साथ ही प्राचीन परंपरा पर आधारित आयुर्वेद चरक संहिता, सुश्रुत संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जो समस्त श्रोताओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हुई ।



अंत में इस राष्ट्रीय वेबीनार कार्यक्रम का आभार भगवत राज बरमैया राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा किया गया जिन्होंने कार्यक्रम के अतिथि मुख्य वक्ता डॉ. एस.पी. शुक्ला सर तथा विशिष्ट वक्ता डॉ. नरेंद्र कुमार हनोते सर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, समन्वयक प्रो. गजेंद्र परते विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, तथा वेबीनार संयोजक डॉ.लवकुश दीपेंद्र विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, का ह्रदय की अनंत गहराइयों से आभार व्यक्त किया इस एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार कार्यक्रम में डॉ. मंगल सिंह अहिरवार, डॉ. राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रमिला वास्केल विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, प्रो.उत्तम सिंह विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र, डॉ.यदुवीर मिश्रा, डॉ अर्चना जायसवाल, डॉ मुन्नोवर अली, डॉ. प्रीति कुशवाहा, डॉ. जसीम अहमद, तथा कीड़ा प्रभारी डॉ. दिलीप शुक्ला, डॉ. रावेंद्र यादव डॉ. प्रीति रजक, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ. लक्ष्मी कोल, महेंद्र साकेत राजेंद्र साकेत, राजकुमार प्रजापति,रूपेश नागेंद्र, विवेक पाठक, रामनरेश चौधरी, विपिन गुप्ता, मनोज प्रजापति, सीतेंद्र पयासी, मुकेश ठक्कर, राजेश यादव, अमित यादव, आराधना द्विवेदी, उषा मार्को साथ ही आभासीय पटल में लिंक के माध्यम से समस्त विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक तथा अन्य महाविद्यालय से प्रोफेसर ने उपस्थिति दर्ज कराई । प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की ।



# 30 सदस्यीय विप्रों के दल ने वृन्दावनधाम के किए दर्शन

**शहडोल ।** जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते है जिन्हें भूल पाना बड़ा कठिन हो जाता है दूसरी बात जीवन मे कुछ ऐसे अवसर मिलते है जो अत्यधिक रोचक और आनन्ददायक बन जातेहै इतना ही नहीं यात्रा यदि धार्मिक हो तो उस यात्रा के स्मरण से भगवन की शरणागति पश्चात उसे याद करकेमन बाग-बाग हो उठता है उन रोचक सरस भक्ति पूर्ण क्षणों में एक ऐसा क्षण मुझे ऐसा मिला जब जीवन मे पहली बार परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा एवं श्रीधाम वृन्दावन यात्रा ग्रुप बरही के सौजन्य एवं मार्गदर्शन पर बृज धाम (मथुरा-वृन्दावन) साथ में घूमने भ्रमण करने का सुन्दर सुअवसर प्राप्त हुआ जैसे ही बृजभूमि पहुंचा बृज की भूमि कारज जैसे सिर माथे लिया श्री राधे कृष्ण जी की कृपा से मेरे मन मस्तिष्क में दिव्य और विशेषकरशान्ति की अनुभूति हुई हमें ऐसा प्रतीत हो रहा था मै और मेरा शरीर पूर्ण रूपेण स्वस्थ ऊर्जा उत्साह से युक्त महशूस कर रहा हू एवं सभी ग्रुप के सदस्यों के श्रीमुख से च्जय श्री राधे कृष्णज्ज राधे राधे का स्मरण सस्वर वाचन और जाप ही निकलता था । सभी लोग सिर्फ बांके बिहारी जी की दिव्य अलौकिक छबि दर्शन किए वहां से उठने से उठने की इच्छा नहीं हो रही थी इतनी भीड़ होने के बाद भी श्री बांकेबिहारी जी सभी दर्शनार्थियों को दर्शन देते हुए सभी को आकर्षित कर मन्त्रमुग्ध कर लेते है उनकी महिमा अपरम्पार है सम्पूर्ण कलाओ से युक्त परमब्रह्म परमेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी के दर्शन सभी के ह्रदय में अद्भुत सकारात्मक ऊर्जा प्रकट हो गई सभी में सफ्लता के नये द्वार खुलना तय है सभी के दिलो दिमाग ह्रदय में श्री राधा कृष्ण का चरित्र का वास हो गया श्री राधाकृष्णन माधुर्य भाव युक्त प्रेम का अविरल प्रवाह होना सुनिश्चित हैबृज में निवास करने वाले लोग भी बहुत अच्छे है शान्त सौम्य धीर वीर गंभीर वे अपने व्यवहार से सभी को मोहित कर लेते है पूरे बृज भ्रमण के दौरान पवित्र पावन भूमि का नजारा चहल-पहल ऐतिहासिक पुरातात्विक मंदिर मठ देवालयो के प्रति सभी का प्रेमाकरषण रोचक रहा स्मरण करनामहिमा का वर्णन कठिन है हम आप सबका अहो भाग्य है यात्रा के दौरान बहुत-बहुत रोचक झलकियाँ है यदि समय मिला तो लिखने का प्रयास होगा।

# पचास हजार मांगने वाले आजीविका मिशन प्रभारी ब्लॉक मैनेजर की शिकायत के बाद भी नही हो सकीं जांच

मण्डला(स्वतंत्रमत)



लंबे समय से आजीविका मिशन की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। चिन्हित समूहों को उपकृत किया जा रहा है। तो वहीं कई समूह बंद होने की कगार में पहुंच चुकें हैं। वहीं प्रभारी ब्लॉक मैनेजर की कार्यप्रणाली भी चर्चाओं में बनीं हुई है। जिले का आजीविका विभाग भ्रष्टाचार को लेकर पहले से ही सुर्खियों में रहा है पिछले दिनों इनके एक और कारनामे ने उनकी शोहरत को बढ़ा दिया जब प्रभारी ब्लॉक मैनेजर ने समूह की महिलाओं से 50 हजार की मांग कर डाली और यह मांग इसलिए की गई की समूह की महिलाओं ने मेहनत कर कुछ लाभ कमाया था इस तरह की मेहनत और लाभ इस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर को हजम नहीं हुई और उसने समूह को डराना धमकाना प्रारंभ कर दिया और जब समूह की महिलाओं ने उसकी मांग पूरी नहीं की तो उसने समूह के प्रमाण पत्र को जाली एवं फर्जी बताकर उनकी पुलिस शिकायत कर दी साथ ही समूह को दस्तावेज संधारण करने में भी परेशान करता रहा जब सर के ऊपर से पानी बहने लगा तो समूह की महिलाओं ने परियोजना अधिकारी के पास इस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर योगेंद्र तिवारी की लिखित शिकायत की समूह की महिलाओं की शिकायत पर परियोजना अधिकारी ने शीघ्र जांच कर कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया लेकिन एक माह होने को आए अभी तक किसी तरह की कोई कार्यवाही इस रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों पर नहीं की गई इसके उलट आजीविका विभाग के दूसरे कर्मचारी एवं उनके सहयोगियों ने इन समूह की महिलाओं को डराने धमकाने का काम प्रारंभ कर दिया रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों की जांच करना तो दूर उल्टा समूह की ही जांच प्रारंभ कर दी गई शिकायतकर्ता जो की ग्राम संगठन की सचिव भी है उन्हें बदलने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया और गाहे बगाहे पुलिस की धमकी दी जाने लगी समूह की महिलाओं को इस बात के लिए भी डराया धमकाया जा रहा है कि उनका यह समूह अब कभी काम नहीं कर सकता और पिछले काम की भी पूरी जांच की जाएगी और रिकवरी निकाली जाएगी और जमा नहीं करने पर उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी के ऐसे व्यवहार से समूह की महिलाएं काफी डरी हुई एवं प्रताड़ित हैं वे लगातार अधिकारियों के पास अपनी फरियाद लग रही है लेकिन कोई भी उनकी सुनने वाला नहीं जिस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर पर समूह की महिलाओं ने 50 हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है इसके करनामें पहले भी उजागर हो चुके हैं इसके नोडल अधिकारी रहते गणवेश मामले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था और मामला जिले से लेकर भोपाल तक गूंजा था समूह की महिलाओं से गणवेश ना बनवाकर बाजार से घटिया गणवेश समूह के माध्यम से स्कूलों में सप्लाई की गई थी यह कार्य भी इसी कर्मचारी योगेन्द्र तिवारी के द्वारा किया गया था जिसकी जांच भी अभी तक लंबित है आखिर क्या कारण है कि जिले के अधिकारी इस भ्रष्टाचारी कर्मचारी के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही करने से डर रहे हैं और इसी का परिणाम है कि इसके हौसले बुलंद है और इसने अपने अन्य सहयोगी विभाग की महिलाओं के साथ समूह की महिला को लगातार प्रताड़ित करने का काम प्रारंभ कर दिया है जिले के आलाधिकारियों ने यदि इस मामले में शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की तो प्रताड़ित महिलाएं भावाबेस में कोई भी गलत कदम उठा सकती हैं फिर इसकी पूरी जिम्मेदारी आजीविका विभाग की ही होगी आखिर विभाग के अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट पेश करने में क्या परेशानी है यदि कर्मचारी दोषी है तो उसे दंडित करें और यदि पाक साफ है तो उसका भी विवरण सार्वजनिक करें ताकि समूह के माध्यम से हो रहा महिलाओं का विकास अवरुद्ध न हो सके एवं शासन की लाभकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हर उस परिवार तक पहुंच सके जिसे लाभान्वित करना शासन की मंशा है।

# युवक कांग्रेस ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्र मत)



भारतीय युवक कांग्रेस के कार्य अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में हो रही अनियमिताओं एवं किसानों के ठगे जाने की शिकायतें आये दिन सामने आ रही हैं। हमारे जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति विपणन एवं लेम्पस केन्द्र समिति मे धान खरीदी को लेकर विभिन्न प्रकार की अनिमित्ताओं हो रहीं है, एवं किसानों को मौजूदा सरकार के द्वारा ठगा जा रहा है। किसानों से 1 बोरी में 41 किलो 2000 ग्राम धान तौली जाती है किन्तु40 किलो धान का पैसा ही मिलता है बाकि के 1 किलो 200 ग्राम धान वारदाना (जूट का बोरा) के नाम पर काट लिया जाता है किन्तु उस जूट के बोरे का वजन मात्र 500/- ग्राम ही होता है। किसानों के द्वारा लाई गई धान को तौलने के लिये खरीदी केन्द्रो द्वारा मनचाहा पैसा लिया जाता है। एक 40 किलों की बोरी के 15 से 20 रू पल्लेदारी के लिये जाता है। जबकि शासन के द्वारा धान तौलने का पैसा दिया जाता है। किसानों के द्वारा अपनी फसल को बैचने के लिये स्लॉट बुक करके अपनी बारी का इंतजार करते है। जबकि बडे व्यपारियों की धान तुरंत तौल दी जाती है। उनके लिये किसी भी प्रकार का नियम नहीं होता है। खरीदी केन्द्रों में गरीब किसान से उनकी धान को पास करने के लिए केन्द्रों में नियुक्त सर्वेयर के द्वारा 1000 से 3000 तक की राशि मांगी जाती है। राशि देने के उपरांत ही किसान की धान पास होती है। मप्र की भाजपा सरकार के द्वारा 3100 रू धान खरीदने की बात कही थी जो कि आज तक धरातल पर कहीं दिखाई दे रही है। इन सब विषयों को लेकर भारतीय युवक कांग्रेस ने जिला कलेक्टर मण्डला को ज्ञापन सौंपा उक्त दौरान संतोष भलावी, कार्य.अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर, सौरभ, पराग, साहिल, अमन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# साक्षात् शिव स्वरूप है श्री शिव महापुराण



मण्डला(स्वतंत्रमत)

नगर मुख्यालय के पीडब्लूडी कॉलोनी मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन पं. पू.आचार्य शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि श्री शिव महापुराण साक्षात् शिव स्वरूप है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में कुल 461 अध्याय हैं तथा इसमें 24 हजार श्लोक हैं। इस पुराण को सात, नौ व ग्यारह दिनों में सुनने की परंपरा है। कथा के दौरान श्री द्विवेदी ने शिव महापुराण कथा के तहत देवराज देवलोक की प्राप्ति की कथा के साथ चंचुला का वैराग्य व विंदुग का उद्धार, शिव पुराण के श्रवण की विधि, भक्तों के पालन करने योग्य का नियम, विद्येश्वर संहिता का वर्णन बढ़े ही मनोहारी ढंग से किया। इसके साथ ही उन्होंने शिव का ज्ञानोपदेश, शिवलिंग की स्थापना विधि का वर्णन, सदाचार एवं यज्ञ के महत्व, शिव नाम मंत्र जाप की महिमा के वर्णन के साथ ही भस्म एवं रूद्राक्ष धारण से समस्त प्राणियों के कल्याण के विषय बताया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनल बर्मन ने बताया कि शांति व समृद्धि के लिए शिविमहापुराण का आयोजन गया है। शिव महिमा से श्रद्धालुओं का कल्याण होगा। धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। दूर-दूर से आए भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए बर्मन परिवार तत्पर हैं।

# जिला न्यायालय में कर्मचारी संघ चुनाव



मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला न्यायालय में कर्मचारी संघ के चुनाव 18 वर्ष बाद हुए। यह चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नए पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अध्यक्ष पद पर संजीत चौरसिया,उपाध्यक्ष श्वेता चौरसिया, सचिव भोरम उइके चयनित हुए। चुनाव अधिकारी मोहन लाल शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया और सभी प्रतिभागियों को निष्पक्षता बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीत चौरसिया ने कहा कि हम संघ के विकास और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। हम सभी कर्मचारी एक जुट होकर संघ को नई ऊंचाई देंगे। यह चुनाव कर्मचारियों की एकता और संघ की मजबूती का प्रतीक है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के विश्वास और समर्थन के लिए आभार प्रकट किया।



# दस सरपंच बने जनपद सदस्य

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत नारायणगंज में मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज की धारा 22(4) के तहत जनपद पंचायत नारायणगंज में पीठासीन अधिकारी रैना तामिया के समक्ष सभा गृह नारायणगंज में उपस्थित ग्राम पंचायत की सरपंच को लाट द्वारा एक वर्षीय कलाविधी के लिए जनपद सदस्य के रूप में नामांकित किया किया गया। जिसके लिए मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गौरीशंकर डेहरिया एवं खंड पंचायत अधिकारी आरएस मरावी, पांच महिला सरपंच एवं पांच पुरुष सरपंच को जनपद पंचायत में चयनित किया गया। बताया गया कि नामांकित जनपद सदस्य में लाट द्वारा नमामि पिता जगमोहन चक्रवर्ती 3 वर्ष के द्वारा चिट उठाकर पांच सरपंच महिलाएं एवं पांच पुरुष सरपंच की चिट निकालकर चयनित किया गया। जिसमें सुभिया बाई ग्राम पंचायत मैली, परमीबाई परते ग्राम पंचायत छपरा, शांति बाई परस्ते ग्राम पंचायत खैरी, ममता उईके कोवरी कला, उमिया बाई ग्राम पंचायत सिंगौघा को नामांकित किया गया है। इसी तरह पांच सरपंच हरि सिंह मरकाम ग्राम पंचायत बम्हनी, प्रेम सिंह मार्को ग्राम पंचायत खमरिया, मोतीलाल ग्राम पंचायत कुंडा, कृपाल सिंह कुशराम एवं रामचरण मसराम का चयनित किया गया। जिसमें उन्हें सामान्य प्रशासन की समिति की बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। बैठक में 27 महिला सरपंच एवं 23 पुरुष सरपंच मौजूद रहे। कार्यक्रम में तहसीलदार सुश्री रैना तामिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज गौरी शंकर डहेरिया, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, खंड पंचायत अधिकारी आरएस मरावी एवं समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद रहे।

## खेत-तालाब का किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बिछिया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम बंजी में खेत तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी।

## आंगनवाड़ी को बनाएं आकर्षक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सीईओ जिला पंचायत ने बिछिया विकाखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम उमरवाड़ा एवं बंजी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन की कार्यप्रगति का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी निर्माण के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करते हुए आकर्षक स्वरूप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी भवनों में बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों के अनुरूप वॉल पैंटिंग कराएं।

## महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार सिंगौर द्वारा विद्यार्थियों को तनाव, क्रोध, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा आदि से मुक्ति पाने के लिए ध्यान की आवश्यकता एवं महत्व पर विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने एवं नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. प्रशांत यादव द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान, तनाव, एकाग्रता, सेल्फअवेयरनेस एवं लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजय मौर्य, डॉ. घनश्याम प्रसाद झारिया, डॉ. गरिमा छाबड़ा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विश्व ध्यान दिवस पर हुए कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रथम विश्व ध्यान दिवस का आयोजन जिला प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा पुलिस लाईन ग्राउंड में किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 दिसंबर को ध्यान दिवस घोषित किया है। इसका उद्देश्य मानव कल्याण को मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक, आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना है। ध्यान दिवस भारत की सांस्कृतिक विरासत और मानव कल्याण में भूमिका को वैश्विक मंच प्रदर्शित करता है। ध्यान केवल स्थिर बैठना नहीं है, ध्यान में असंभव कार्य भी संभव हो रहे हैं। यह हथियार उठाए बिना युद्धों को समाप्त कर रहा है। जंगल व नदियाँ जीवंत हो रही हैं। यह आक्रोश को करूणा में, भय को आशा में बदल रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सीओ सीआरपीएफश्री सारंग, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डीएफओ पुनीत गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर

# नाइस इंस्टीट्यूट में लगा लायसेंस शिविर



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** परिवहन आयुक्त मप्र ग्वालियर एवं कलेक्टर के निर्देशन में 21 दिसंबर को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत परिवहन कार्यालय के तत्वाधान में नाइस इंस्टिट्यूट आफ कम्प्यूटर एजुकेशन में इंस्टीट्यूट के संचालक अजय खोत एवं स्टॉफ के सहयोग से लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमति रमा दुबे ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल पर लर्निंग लायसेंस के संबंध में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया, यातायात नियमों, यातायात संकेतों की जानकारी दी गई। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं मोटरकार चलाते समय सीटबेल्ट लगाने की उपयोगिता बताई गई। इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों में लर्निंग लायसेस बनवाने हेतु अत्यंत उत्साह देखा गया। शिविर में इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत 128 विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाये गये। शिविर में इंस्टीट्यूट का स्टाफ एवं परिवहन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवती का मिला शव फैली सनसनी

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर के वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर में एक 20 वर्षीय युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई । बताया जा रहा कि वार्ड 10 निवासी संतोष जेवार की सुपुत्री 20 दिसम्बर की शाम से घर से लापता हो गई थी। जिसकी सूचना पुलिस थाना नैनपुर को दी गई । जानकारी मिली कि परिजनों ने आसपास व नाते रिश्तेदारों के घर पता साजी की। परंतु सलोनी जेवार का कहीं पता नहीं चला । 21 दिसम्बर की दोपहर बाद युवती का शव घर के पीछे सुनसान जगह पर मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के बताए अनुसार युवती का एक हाथ कटा हुआ था जो लहुलुहान था । अधिक रक्त बह जाने से युवती की मृत्यु हो जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मोके पर पहुचकर शव बरामद कर पंचनामा बनाया और शव परिक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया । पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नैनपुर कोर्ट परिसर से भागे दूसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



गत वर्ष 2022 एवं 2023 को दो अलग-अलग प्रकरणों में दो आरोपी बालकिशन तेकाम एंव नंदकिशोर उर्फ नंदु को 15 नवम्बर 2023 को जिला जेल से न्यायालय नैनपुर प्रकरण के विचारण हेतु लाया गया था पेशी के बाद दोनो आरोपी सुनियोजित तरीके से हथकड़ी सहित फरार हो गये थें। जिससे थाना नैनपुर में दोनों आरोपी बालकिशन तेकाम पिता घनश्याम तेकाम निवासी ईश्वरपुर थाना घंसौर जिला सिवनी एवं आरोपी नंद किशोर उर्फ नंदु पिता नगारची सैयाम निवासी ग्राम बीजेगांव चौकी पिंडरई थाना नैनपुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 499/2023 धारा 224,34 भादविं का अपराध से कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त दोनों आरोपियों की तलाशी हेतु लगातार दबीश दी जा रहीं थी। विवेचना के दौरान उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देशन में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। जिसमें थाना नैनपुर पुलिस, चौकी टाटरी पुलिस सहित सायबर सेल को भी टीम में शामिल किया गया। टीम द्वारा वेवचना में आये तथ्यों, मुखबिर से प्राप्त सुचना व तकनिकी आधार पर विश्लेषण कर नैनपुर थाना निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा द्वारा चौकी प्रभारी टाटरी उप निरीक्षक पुनीत बाजपेयी के नेतृत्व में टीम गुजरात रवाना किया गया था। फरार आरोपी बाल किशन तेकाम पिता स्वं. घनश्याम तेकाम निवासी ईश्वरपुर थाना घंसौर जिला सिवनी को गिरफ्तार कर 21 दिसम्बर 2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। ज्ञात हो उक्त मामले में फरार एक अन्य आरोपी नंदकिशोर सैयाम उर्फ नंदु पिता नगारची सैयाम उम्र 21 साल निवासी बीजेगांव थाना नैनपुर को मंडला पुलिस द्वारा काफी प्रयासों के बाद दिनांक 12 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं।

**मामले में सराहनीय भूमिका रही**- प्रकरण में दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी एसडीओपी नैनपुर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा की गयी जिसमें थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा, उनि पुनित बाजपेयी चौकी प्रभारी टाटरी, उनि निधि नेमा, सउनि लखन कटरे चौकी टाटरी, सउनि राजेश सेवईवार, आरक्षक मोहित पटले, आरक्षक पेयंत राने, डोमेश्वर राउत, विनोद उइके व सायबर सेल की टीम जिसमें सुरेश भटेरे व सुर्यचंद बघेले शामिल रहें।

# आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, सुभाष गुप्ता मनोज खंडेलवाल बनाये गये तहसील अध्यक्ष

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



वैश्य महासम्मेलन मंडला इकाई के जिला, संभाग एवं नैनपुर के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन अवश्यक बैठक रेलवे म्यूजियम परिसर में रखी गई । बैठक में संभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संभाग महामंत्री रंजीत कछवाहा, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल एवं मंडला तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोनी का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष के पद पर सुभाष गुप्ता एवं तहसील प्रभारी मनोज खंडेलवाल को मनोनीत किया गया । इस अवसर पर उपस्थित संभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में वैश्य सम्मेलन से जुड़कर बड़े नेटवर्क परिवार के साथ जुड़कर मिलने वाले स्नेह, सुख दुख में सहयोग के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया। जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल ने बताया वैश्य महासम्मेलन 20 संभाग और 62 जिलों में कार्य कर रहा है। 32 घटक से जुड़े व्यवसायियों का बहुत बड़ा संगठन है । जिसमें मुख्य इकाई, युवा प्रकोष्ठ और महिला इकाई के द्वारा पूरे वर्ष में 12 कार्यक्रम हर जगह आयोजित किए जाते हैं। आगामी माह जनवरी में वैश्य कल्याण ट्रस्ट द्वारा निर्मित पांच मंजिला भवन का उद्घाटन भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हर जिले की हर तहसील से मुख्य पदाधिकारियों की सहभागिता रहेगी सभी आजीवन सदस्यो को आमंत्रित किया हैं। बैठक के दौरान कैलेंडर विमोचन, स्वल्पाहार बाद पूर्व तहसील अध्यक्ष स्व. रवि अवधवाल को श्रद्धांजलि देने दो मिनट का मौन रखा गया । सुभाष गुप्ता के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र मोहन जायसवाल, सुभाष गुप्ता, दिलीप जायसवाल, मनोज खंडेलवाल, राजकुमार साहू, मनीष सोनी , सुनील खंडेलवाल, जय प्रकाश गुड्डा अग्रवाल, कपिल खंडेलवाल , अशोक नाहटा, कमल गुप्ता, श्रीमति सुषमा खंडेलवाल , श्रीमति संध्या गुप्ता सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# समुद्री पक्षियों पर प्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव



डॉ. गीतांजलि कतलम

समुद्री पक्षी मुख्यतया: महासागर पर निर्भर रहने वाले पक्षी हैं। वे ज्यादातर अपना जीवनकाल मुख्य भूखंड से दूर समुद्र में व्यतीत करते हैं तथा महासागर के हर छोर पर पाए जाते हैं। इन पंछियों के पंख जलरोधक होते हैं और खारे पानी से नमक को अलग करने की इनमें विशेष क्षमता होती है। समुद्रीय पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में इनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। समुद्री पक्षी महासागर के दूर-दराज द्वीपों प्रजनन करते हैं जहां कई बार इंसानी गतिविधियां न के बराबर होती हैं। परन्तु फिर भी इंसानों द्वारा निर्मित एक ऐसा वस्तु है जो समुद्री पक्षियों के लिए एक भयंकर संकट बन चुका है और वह है प्लास्टिक।

आज तक जितने भी प्लास्टिक का निर्माण हुआ है, वह अभी भी धरती पर मौजूद हैं। इस सदी के पहले दशक में इतनी मात्रा में प्लास्टिक का निर्माण हुआ है, जो सन् 2000 से पहले कभी नहीं हुआ। वर्तमान में समुद्र में लगभग 15 -51 ट्रिलियन प्लास्टिक के कणों के मौजूद होने का अनुमान लगाया गया है।

प्लास्टिक की उपस्थिति हज़ारों मीलों दूर समुद्र के बीचों-बीच स्थित द्वीपों पर भी दर्ज की गई है। उत्तर पैसिफिक में ग्रेट पैसिफ़िक गार्बेज पैच नाम से जाना जाने वाला विशाल कचरे का खंड है जो आकार में अमेरिका के टेक्सास राज्य से दोगुना है। प्लास्टिक की समस्या, समुद्री तट से लेकर महासागर की गहराईयों और दूरवर्ती द्वीपों पर भी गंभीर रूप लेती जा रही है।

हर साल हजारों की तादाद में समुद्री पक्षियों के प्लास्टिक निगलने के प्रमाण पाए गए हैं। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक वर्ष लगभग 1 मिलियन पक्षियों की प्लास्टिक निगलने के कारण मृत्यु होती है। सन् 1960 में, 5 प्रतिशत से भी कम पक्षियों के पेट में प्लास्टिक पाए गए थे। अब 20 साल बाद यह संख्या 10 गुना बढ़ के 80 प्रतिशत हो गई है। यह समस्या बहुत ही गंभीर है और विस्फोटक तरीके से बढ़ती जा रही है, जिसके कारण इन पक्षियों की जन्संख्या और प्रजनन पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ सकता है। सन् 2050 तक 99 प्रतिशत समुद्रीय पक्षियों के प्लास्टिक निगलने के खतरे का अनुमान है।

वैज्ञानिक शोध से यह जाना गया है की समुद्री पक्षियों में प्लास्टिक निगलने के अनेक गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। वयस्क पक्षी गलती से प्लास्टिक के कचरे को शिकार समझकर चूजों को खिला देते हैं जो बहुत छोटे, और शिकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। प्लास्टिक निगलने से इन चूजों की वयस्कता तक पहुंचने की संभावना कम हो जाती है। प्लास्टिक पक्षियों के पेट में जमा होने लगता है, जिसकी वजह से भुखमरी जैसी स्थिति पैदा होने से इनकी मृत्यु हो जाती है। मृत समुद्री पक्षियों के पेट में काफी मात्रा में प्लास्टिक पाया गया है।

प्लास्टिक के सेवन के बाद समुद्री पक्षियों में स्वास्थ्य से जुड़े कई प्रकार की समस्याएं देखी गई हैं, जैसे जो पक्षी वयस्कता तक जीवित रह जाते हैं उनके शरीर का विकास कम होता है। उनके पंख और चोंच छोटे रह जाते हैं और शरीर का वजन भी कम होता है। प्लास्टिक पक्षियों में गुर्दे संबधित विकार से यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने के साथ कोलेस्ट्रॉल एवं एन्ज़इम्स के निर्माण पर भी विपरीत प्रभाव डालता है।

प्लास्टिक निगलने की समस्या समुद्री सतह पर शिकार करने वाले जैसे अल्बाट्रोस या गोते लगाने वाले जैसे पफिंस में भी पाई गई है। कुछ समुद्री पक्षी जैसे ऐल्बाट्रॉस प्लास्टिक पर दिए हुए मछलियों के अंडे या फिर प्लास्टिक के टुकड़ों को स्क्विड समझ कर खा जाते है। प्लास्टिक में उलझने और फंसने से भी कई समुद्री पक्षी घायल हो जाते हैं या संक्रमण के शिकार हो जाते है या फिर डूब जाते हैं। जाल में फसने के कारण उनकी चाल और गति धीमी हो जाती है जिससे वो आसानी से अन्य जानवरों के शिकार बन जाते है।

कुछ पक्षी प्लास्टिक को अपने घोसले बनाने के उपयोग में लाते हैं। इन पक्षियों के घोंसले में मछली पकड़ने वाले जाल और नायलॉन रस्सियां में प्राकृतिक सामग्री जैसे समुद्री शैवाल और सूखी टहनियों के साथ सयुंक्त की जाती है । घोसला बनाने में प्लास्टिक के उपयोग का दुष्प्रभाव अभी समुद्री पक्षियों में पूरी तरह ज्ञात नहीं हुआ है।

इंसानों द्वारा उत्पादित प्लास्टिक का असर दूरगामी क्षेत्रों में निवास करने वाले समुद्री पक्षियों पर भी हो रहा है। मुख्य भूभाग में प्लास्टिक का कुप्रभंधन न सिर्फ नदियों, भूमि और सागरी किनारों को दूषित कर रहा है बल्कि सुदूर इलाकों में भी समस्या बन चुका है। प्लास्टिक का उचित प्रबंधन और दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की सख़्त आवश्यकता है।



## सोमवती अमावस्या के दिन किन चीजों का करें दान

दिव्यांशी भदौरिया



साल की आखिरी पौष माह की अमावस्या 30 दिसंबर 2024 को पड़ रही है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान और दान-पुण्य के कार्यों को बेहद शुभ माना जाता है। इस बार की अमावस्या सोमवार को पड़ रही है इसलिए इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जा रहा है। इस दिन भगवान शिव की विधिवत रुप से पूजा-अर्चना की जाती है। अमावस्या के दिन पितरों की पूजा करने का विशेष माना जाता है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों का तर्पण और पूजा करते है। सोमवती अमावस्या के दिन किन चीजों का दान करना बेहद शुभ माना जाता है। आइए आपको बताते हैं।

**तिल का दान करें**- वैसे तो तिल का संबंध शनि देव से माना जाता है। इसके साथ ही, तिल का संबंध पितरों से भी है। आप भी सोमवती अमावस्या के दिन तिल का दान कर सकते है। इससे शनि देव भी प्रसन्न होंगे और पितरों को आशीर्वाद भी मिलेगा। इसके साथ ही घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

**जूते का दान करें**- सोमवती अमावस्या के दिन जूतों का दान करना भी अच्छा माना जाता है। माना जाता है कि जूतों के दान करने घर में धन की कमी को दूर करती है। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा भी दूर होती है और सकारात्मकता भी बनीं रहती है।

**गुड़ का दान करें**- इस दिन आप गुड़ का दान कर सकते हैं। ऐसा करने से पारिवारिक क्लेश दूर होते है। परिवार के बीच में कोई मतभेद चल रहा है तो वह नष्ट हो जाता है और आपसी तालमेल, प्यार और विश्वास अधिक बढ़ता है। घर में शांति बनी रहती है।

**काले वस्त्र का दान करें**- सोमवती अमावस्या के दिन काले वस्त्रों को दान करना काफी शुभ होता है। ऐसा करने से घर या घर के सदस्यों को लगी बुरी नजर उतर जाती है। वही, काले वस्त्रों का सोमवती अमावस्या के दिन दान करने से राहु मजबूत होता है।

## बच्चे ज़्यादा हों तो अच्छा

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

विकास की अति के साथ ज़माना बिगड़ चुका है। अब तो हमारे पवित्र, महान देश में भी युवा शादी किए बिना, साथ रहना चाहते हैं। क्या कहते हैं, लिव इन कनेक्शन में, अरे नहीं, लिव इन रिलेशन में। पता नहीं चलता इंसानी संबंधों का रंग, रूप और चरित्र कब बदल जाए। मां बाप के आशीर्वाद सहित या बिना आशीर्वाद के शादी हो जाए तो बच्चे पैदा नहीं करना चाहते। अभिभावकों के भावनात्मक दबाव से पहला बच्चा पैदा हो जाए तो दूसरा नहीं चाहते जी।



पिछले दिनों कहा गया, ज्यादा बच्चे पैदा करिए। एक परिवार में दो या तीन बच्चे तो होने चाहिएं। इस कहने का अर्थ बिलकुल स्पष्ट है। इतिहास में यह कहा गया है कि हर इंसान के भीतर एक बच्चा होता है जो हमेशा जीवित रहना चाहिए। लेकिन इस बात का बच्चे पैदा करने वाली सलाह से दूर दूर का सम्बन्ध नहीं है। हमारे देश में खाने पीने की कोई परेशानी नहीं है। सभी जानते हैं कि अधिकांश आबादी को सरकार मुफ्त अनाज देती है। बढ़ी हुई आबादी को भी देगी जिससे दोनों पक्षों का फायदा होगा।

'पता नहीं कब तक' खबर देने वाले चैनल बता रहे थे कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों में से एक तिहाई भारतीय बच्चे हैं। खाना इतना महंगा है कि ज़्यादातर लोग स्वस्थ आहार नहीं ले पाते । लेकिन इन सच या झूठ ख़बरों से क्या फर्क पड़ता है। बच्चे ज़्यादा होंगे तो दुनिया में सबसे ज़्यादा आबादी की साख हमारी बनी रहेगी। हमारे यहां जितने भी धर्म, सम्प्रदाय, जातियां, मत डेरे हैं उनमें ज़बर्दस्त प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी जिससे आम लोगों और राजनीति को फायदा होगा। फ़ैमिली वेकेशन पैकेज

विश्वगुरुओं के देश में यदि पहला शिशु लड़की पैदा हो तो अभी भी ज़्यादा अच्छा नहीं माना जाता। भाग्य और दुर्भाग्य दोनों को पटाया जाता है कि दूसरा बच्चा लड़का ही हो। पढ़े लिखे और ज़्यादा पढ़े लिखे लोग भी हर तिकड़म भिड़ाते हैं कि किसी तरह एक लड़का पैदा हो जाए। लड़के की चमक, दमक, खनक, गमक और नमक कमाल होती है जी। अगर दो बच्चियां पैदा हो जाएं तो संपन्न परिवारों में तीसरी कोशिश भी की जाती है। कई परिवारों में तो लड़कियों का पैदा होना बंद ही नहीं होता। लडकी, लड़के का विकल्प नहीं होती जी। गनीमत है सख्त क़ानून की वजह से, किसी भी जगह टेस्ट नहीं हो पाता, नहीं तो ... । गरीबी, बढ़ती आबादी, सामाजिक और आर्थिक असमानता, रोज़गार की कमी बचपन से ही परेशानी बनी रहती है। उचित स्वास्थ्य सेवाएं, समान शिक्षा की अनुपलब्धता का खासा रोल रहता है फिर भी बच्चे तो भगवान् का रूप होते हैं जी, जितने हों उतने अच्छे। बच्चे मन के सच्चे, सारी जग के आंख के तारे।

कुछ गलत लोग, हमारे देश को, 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स' जिसे हिंदी में 'विश्व भूख सूचकांक' कहते हैं, में हमारा बहुत असहनीय, एक सौ सत्ताईस देशों में एक सौ पांचवां स्थान बताते हैं जोकि मानवीय ईर्ष्या के कारण है। यह इतनी ज़्यादा गंभीर बात नहीं है जितना कि विकसित, बुद्धिमान, सांस्कृतिक समाज को ज्यादा से ज्यादा आबादी से समृद्ध करना। इसलिए हम सबको सब कुछ भूलकर जुट जाना चाहिए और खूब बच्चे पैदा करने चाहिए। हमारा रखवाला वही पुराना बांसुरीवाला है जो बांसुरी की मधुर धुनें छेड़ता रहेगा और हम अस्त, व्यस्त और मस्त रहेंगे।

## क्रिसमस पर इस तरह से करें तैयारी

बच्चों से लेकर बड़ों के लिए क्रिसमस का त्योहार बेहद खास होता है। क्रिसमस का त्योहार वैसे तो ईसाई घर्म का फेस्टिवल है। लेकिन इसे भारत में काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। वैसे 25 दिसंबर को साल सबसे बड़ा दिन माना जाता है। दुनियाभर में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन चर्च को काफी खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है। अगर आप इस बार अपने घर पर ही क्रिसमस पार्टी सेलिब्रेट करना चाहते हैं, तो इस तरह से करें तैयारी, नहीं होगा सिरदर्द। सारा काम होगा आसान।

**फन के लिए निकालें समय**- क्रिसमस त्योहार तो फन के लिए जाना जाता है। इस पर्व की तैयारी में ज्यादा व्यस्त न हो, फन करना भी काफी जरुरी है। आप चाहे तो क्रिसमस की फिल्में देखें, केक बेक करें और मजेदार गेम्स खेलें। यह सबस करने से आपके बच्चे का क्रिसमस स्पेशल बन जाएगा और आपको भी भागदौड़ कम करनी पड़ेगी।

**सांता क्लॉज चाहिए**- क्रिसमस पार्टी के लिए सांता क्लॉज आना काफी अच्छा लगता है। इससे बच्चों की खुशियां डबल हो जाती है। बच्चों के लिए आप क्रिसमस पार्टी को शानदार बनाने केलिए आप अपने घर पर सांता क्लॉज को भी पार्टी में बुला सकते हैं या फिर कहीं बाहर भी घूमने जा सकते हैं।

**बजट भी जरुरी है**- बात जब क्रिसमस पार्टी की आती है, तो बजट के अनुकूल होना भी जरुरी है। क्रिसमस के लिए गिफ्ट लेना, खाना बनाना और घर को सजाने वाली चीजें खरीदनी जरुरी है। ऐसा करने से बजट ज्यादा भी हो सकता है। इसलिए आप अपने बच्चों से घर पर ही गिफ्ट्स बनाने के लिए कह सकते हैं।

**काम बाट दें**-इस दिन काम बहुत ज्यादा होता है। पार्टी के लिए खाने का इंतजाम करना, गिफ्ट्स पैक करना, घर को सजाना आदि। एक इंसान के लिए यह सब करना काफी मुश्किल होता है। इसलिए आप सारे काम परिवार के सदस्यों के बीच में बांट दें। आप चाहे तो क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए बच्चों को यह काम दे सकते हैं।

**पहले से करें तैयारी**- आखिरी मिनट पर कोई तनाव नहीं लेना है। इसलिए आप पहले से तैयारी कर लें। लिस्ट बनाएं, गिफ्ट खरीदें और चीजों को पहले से ही शेड्यूल कर के चलें। पहले ही से सब प्लानिंग कर लेंगे तो क्रिसमस वाले दिन भगदड़ नहीं रहेगी और आप स्ट्रेस फ्री रह सकेंगे।

# काफी महंगी होती हैं ये पांच साड़ियां, एक की कीमत तो चालीस लाख से भी ज्यादा

**हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं। आज हम आपको भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी इन साड़ियों के बारे में जान सकें। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।**

### कांचीपुरम सिल्क साड़ी



कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।

### बनारसी सिल्क साड़ी



उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला



गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इसके खास काम की वजह से ही इसे तैयार होने में 6 महीने से एक साल तक का समय लग जाता है। आमतौर पर इसकी कीमत 2 लाख से 10 लाख तक होती है।

### असम की मूंगा सिल्क साड़ी




मूंगा सिल्क साड़ी असम की शान और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसे दुनिया के सबसे उत्कृष्ट और टिकाऊ रेशमों में से एक माना जाता है। असम का यह सिल्क पूरी तरह से प्राकृतिक होता है और इसे खासतौर पर असमिया रेशम के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इन साड़ियों की कीमत भी 10,000 रुपये से लेकर 1,00,000 रुपये तक होती है।

### जरी कोटा साड़ी



राजस्थान की जरी कोटा साड़ियां अपनी हल्की बनावट और आकर्षक जरी वर्क के लिए मशहूर हैं। ये साड़ियां देखने में बेहद रॉयल लगती हैं। मूलरूप से इनकी कीमत 5 हजार रुपये से से 5 लाख तक होती है। इस तरह की साड़ियां ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह में पहनना पसंद करती हैं।

## इराक में इस्लाम से पहले की राजधानी मिली



**बगदाद।** इराक में इस्लाम से पहले क्या था? अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने जमीन के नीचे 2700 साल पुराने शहर के अवशेष खोजे हैं। मैग्नेटोमीटर के इस्तेमाल से जल द्वार, महल के उद्यान और पांच बड़ी इमारतों का पता लगाया है। इसमें 127 कमरों वाला एक विला भी शामिल है, जिसका आकार व्हाइट हाउस से दोगुना है। इस नई खोज से यह धारणा बदल रही है कि आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व में खोर्साबाद महल परिसर से आगे विकसित नहीं हुआ था। इस शोध का नेतृत्व करने वाले म्यूनिख की लुडविग-मैक्सिमिलियन्स यूनिवर्सिटी के भूभौतिकीविद् जॉर्ग फासबिंदर ने कहा, %यह सब बिना खुदाई के पाया गया। यह शोध अभी भी किसी वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित नहीं हुआ है।% खोर्साबाद को मूल रूप से सरगॉन का किला कहा जाता था। इसका निर्माण नियो-असीरियाई सम्राट सरगॉन द्वितीय ने 713 ईसा पूर्व में शुरू किया था। लेकिन सरगॉन की मृत्यु संभवता राजधानी पूरी तरह बसने से पहले 705 ईसा पूर्व में हो गई।

सरगॉन द्वितीय की मौत के बाद उनके बेटे सीनाचेरिब ने राजधानी को निनेवेह स्थानांतरित कर दिया और खोर्साबाद दो हजार सालों तक भुला दिया गया। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक नियो-असीरियाई साम्राज्य में विशेषज्ञता रखने वाली इतिहासकार सारा मेलविले ने कहा, फैसबिंदर और उनकी टीम ने जो रिमोट मैपिंग का काम किया है, वह बेहद महत्वपूर्ण है। मैग्नेटोमीटर से साइटों को कोई नुकसान नहीं होता है। 25 सदियों के बाद फ्रांस और अमेरिकी पुरातत्वविदों ने 1800 से 1900 के दशक के दौरान यहां खुदाई थी। पुरातत्वविदों ने खोर्साबाद के महल और प्रसिद्ध लमास्सू मूर्तियों को खोजा। यह पंखों वाले बैल थे, जिनका सिर इंसान का था। यह अब लूव संग्रहालय में है। लेकिन महल के बाहर के क्षेत्र और शहर के डिजाइन का रहस्य बना रहा है। साल 2015 में इस्लामिक स्टेट ने खोर्साबाद में लूटपाट की और 2017 में पुरातत्वविदों ने फिर से काम शुरू किया। 2022 में, फासबिंदर और उनकी टीम ने हाथ से मैग्नेटोमीटर लेकर पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण किया और लगभग 0.3 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में नई संरचनाओं को खोजा।

# मिस्र की नई राजधानी देख दुनिया हैरान

काहिरा

भारत के करीबी मित्र मिस्र ने अपनी नई राजधानी को दुनिया के सामने पेश किया है। दुनिया के 8 वकिासशील मुस्लिम देशों (ष्ठ-8) की इस बैठक में गुरुवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी ने इस नई राजधानी के नए प्रशासनिक भवन और राष्ट्रपति महल का अनावरण किया। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस भी पहुंचे थे। ये नेता मिस्र की नई आलीशान राजधानी के वैभव को बस देखते ही रह गए। वर्तमान राजधानी काहिरा से 45 किमी दूर रेगिस्तान में बनाई यह राजधानी जर्मनी के हैमबर्ग शहर के बराबर है।



बताया जा रहा है कि इस राजधानी को बनाने में 58 अरब डॉलर का भारी भरकम खर्च किया जा रहा है। पिरामिडों का देश मिस्र इस राजधानी को तब बना रहा है जब वह खुद कंगाली से गुजर रहा है और सऊदी तथा यूएई जैसे देशों ने अब उसे लोन देने से किनारा कर लिया है। दुनिया में इंडोनेशिया के बाद मिस्र ही ऐसा दूसरा देश है जो इस समय दूसरी राजधानी बसा रहा है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता डूब रही है और यही वजह है कि दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश को यह फैसला लेना पड़ा है। वहीं मिस्र की बात करें तो वह दूसरी समस्या से जूझ रहा है। दरअसल, काहिरा दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले शहरों में शामिल हो गया है। काहिरा में 2 करोड़ 20 लाख लोग रहते हैं। इस भीड़ को कम करने के लिए मिस्र ने नई राजधानी बनाई है। मिस्र में डी 8 देशों की यह शिखर बैठक ऐसे समय पर हुई है जब लेबनान में भारी हिंसा का दौर जारी है। वहीं सीरिया में असद सरकार का खूनी तख्तापलट हो गया है। लेबनान के फिर से निर्माण के लिए करीब 30 अरब डॉलर की जरूरत होगी, वहीं सीरिया को 250 अरब डॉलर चाहिए होगा। अगर गाजा को भी जोड़ दें तो उसे 80 अरब डॉलर की जरूरत होगी। इजरायल ने गाजा को कब्रिस्तान में बदल दिया है। इसी को देखते हुए मिस्र के राष्ट्रपति सीसी ने डी 8 देशों की यह बैठक बुलाई थी। सीसी ने इसी नई राजधानी में कहा कि उनका देश सीरिया के फिर से निर्माण में हिस्सा लेगा। मिस्र की यह नई राजधानी किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां बने राष्ट्रपति महल की भव्यता दुनिया का ध्यान आकृष्ट कर रही है। इसमें पिरामिड के आकार में इमारतें बनाई गई हैं जो मिस्र की पहचान हैं। यहां फव्वारे लगाए गए हैं और कृत्रिम झील भी बनाई गई है। साथ ही शेर की वशिाल मूर्तियां लगाई गई हैं। इस आलीशान महल ने डी 8 सम्मेलन में हिस्सा लेने आए हर नेता को हैरान कर दिया। न्यू अरब की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकिआन तो महल की दीवारों और छतों को जिस तरह से सजाया गया था, उसे देखने निकल पड़े। यही हाल पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नेताओं का रहा।

### अफ्रीका की सबसे ऊंची इमारत बनकर तैयार

वहीं जनता के कुछ सदस्यों ने इस महल और उसमें हुए खर्च की कड़ी आलोचना भी की है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जब कराह रही है, ऐसे में इतना खर्च अनावश्यक है। मिस्र को अब और ज्यादा कर्ज लेना होगा। मिस्र के राष्ट्रपति ने दावा किया कि इस नई राजधानी के निर्माण में उनकी सरकार को एक पैसा नहीं खर्च करना पड़ा है। उनके इस दावे के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं। वह भी तब जब इस शहर में अफ्रीका की सबसे ऊंची इमारत, सबसे बड़ी मस्जिद और सबसे बड़ा चर्च बनाया गया है। सीसी ने राजधानी के उद्घाटन पर कहा कि यह नई राजधानी देश की सांस्कृतिक और सभ्यता की महानता को दर्शाती है। डी 8 के सदस्य देशों में तुर्की, ईरान, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, मिस्र, बांग्लादेश और मलेशिया हैं।

## यूक्रेनी हमले में पांच रूसी मारे गये

**मास्को, (वार्ता)।** रूस के रिल्स्क शहर पर शुक्रवार को यूक्रेन की ओर से किये गये हमले में पांच लोग मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए। रूस के कुर्स्क क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनश्टाइन ने 'टेलीग्राम' पर कहा, यूक्रेनी हमले में पांच लोग मारे गये और 12 लोग घायल हुये हैं। इनमें कोई बच्चा नहीं था। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि एक बच्चे सहित छह लोग मारे गए और दस लोग घायल हुए। गौरतलब है कि कल यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने रिल्स्क पर मिसाइल हमला किया था।

## कम जन्म दर के कारण जर्मनी यूरोप खतरे में: मस्क

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कम जन्म दर के कारण जर्मनी सहित यूरोप के पूरी तरह से गायब होने की आशंका जतायी है। श्री मस्क ने एक्स पर लिखा, जर्मनी और यूरोप बहुत कम जन्म दर के कारण गहरे संकट में हैं। उनके पूरी तरह से गायब होने का खतरा है। गौरतलब है कि श्री मस्क ने पहले भी कई मौकों पर जनसांख्यिकी के विषय पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

## रूस में ड्रोन हमले से कज़ान के तीन जिलों में लगी आग

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस के शहर कज़ान पर ड्रोन हमले के कारण तीन जिलों, सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज़्स्की में आग लग गई। यहां के मेयर के कार्यालय ने शनिवार को 'टेलीग्राम' पर बयान में कहा,आज सुबह कज़ान में, मानव रहित हवाई हमले के बाद, सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज़्स्की जिलों में कई घरों में आग लग गई। कार्यालय ने एक दिन पहले कहा था कि ड्रोन हमले के माध्यम से लगी आग ने दो जिलों, सोवेत्स्की और किरोव्स्की को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने नागरिकों से शांत रहने और सायरन बजने पर नीचे जाने का आग्रह किया।

## जर्मनी के मैगडेबर्ग क्रिसमस मेला में कार हमले में 68 घायल

**मास्को, (वार्ता)।** जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस मेले में एक कार ने भीड़ को रौंद दिया, जिसके कारण कुल 68 लोग घायल हुए हैं।शहर प्रशासन ने एक बयान में कहा, दो लोग मारे गए, 15 गंभीर रूप से घायल हुए, 37 लोगों को ज्यादा चोटें आयी हैं, जबकि 16 मामूली रूप से घायल हुए। इससे पहले बिल्ड अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आतंकवादी हमले में घायल लोगों की संख्या 60 से 80 के बीच है। जर्मनी के एनटीवी ने शुक्रवार शाम बताया कि मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में एक कार ने भीड़ को रौंद दी है। सैक्सोनी-एनहाल्ट के मंत्री-राष्ट्रपति रेनर हसेलॉफ ने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें से एक छोटा बच्चा था। पुलिस को संदेह है कि चालक 50 वर्षीय सऊदी नागरिक है, जो अकेले ही कार चला रहा था। बिल्ड अखबार ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों का हवाला देते हुए अपनी बताया कि मैगडेबर्ग में भीड़ को रौंदने के लिए इस्तेमाल की गई कार में कोई विस्फोटक नहीं मिला है। मैगडेबर्ग पुलिस ने कहा कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

## फ्रांस ने चाड से 120 सैनिकों की पहली टुकड़ी वापस बुलायी

**पेरिस, (वार्ता)।** फ्रांस ने अफ्रीकी देश ओर सैन्य सहयोग समझौता तोड़ने के बाद चाड से अपने करीब एक हजार सैनिकों में से 120 सैनिकों को वापस बुला लिया है। चाड के सशस्त्र बलों, पूर्व सैनिकों एवं युद्ध पीड़ितों के मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, फ्रांस के साथ सैन्य सहयोग टूटने पर 20 दिसंबर (शुक्रवार) को 120 फ्रांसीसी सैनिक एयरबस ए330 फीनिक्स एमआरटीटी से फ्रांस के लिए रवाना हो गए। फ्रांसीसी रेडियो स्टेशन आरएफआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चाड के अधिकारियों ( जिन्होंने नवंबर के अंत में फ्रांस के साथ सैन्य सहयोग तोड़ दिया) ने कहा है कि फ्रांसीसी सैनिक 31 जनवरी, 2025 तक देश छोड़ दें। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक, चाड में फिलहाल करीब एक हजार फ्रांसीसी सैनिक मौजूद हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 10 दिसंबर को, फ्रांसीसी सशस्त्र बलों ने चाड से दो मिराज लड़ाकू विमानों को वापस भेजने की घोषणा की, तीसरा लड़ाकू विमान आने वाले दिनों में फ्रांस लौट आएगा। उल्लेखनीय है कि चाड विदेश मंत्रालय ने 28 नवंबर को फ्रांस के साथ रक्षा सहयोग समाप्त करने की घोषणा की थी।

# बांग्लादेश में फिर से पैर जमाना चाहती है आईएसआई

इस्लामाबाद

बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद पाकिस्तान को फायदा दिख रहा है। पाकिस्तान एक बार फिर बांग्लादेश से अपने संबंधों को सुधारने की कोशिश में लगा है। ठीक उसी तरह जब बांग्लादेश में नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी सत्ता में थी। इस बार पाकिस्तान का ध्यान मुख्य रूप से व्यापार, संस्कृति और खेल पर है। लेकिन पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ का नेटवर्क एक बार फिर बांग्लादेश में सक्रिय हो सकता है। यह भारत के लिए चिंता की बात है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को काहिरा में आयोजित डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। दोनों ने व्यापार और सांस्कृतिक तथा खेल प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान के जरिए संबंधों को फिर से मजबूत करने पर सहमति जताई। यूनुस और शरीफ ने सार्क को पुनर्जीवित करने की संभावना पर भी चर्चा की, लेकिन यह कदम आगे बढ़ने की संभावना कम है, क्योंकि भारत को इस विचार में खास रुचि नहीं है।



शेख हसीना जब बांग्लादेश की पीएम थीं तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से कभी-कभी बातचीत होती थी। लेकिन कोई व्यक्तिगत मुलाकात नहीं हुई। बांग्लादेश ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए पाकिस्तान से 1971 के मुद्दों को हमेशा के लिए सुलझाने को कहा है ताकि ढाका को इस्लामाबाद के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संघबाद संगठन ने यह जानकारी दी। यूनुस ने कहा, 'ये मुद्दे बार-बार आते रहे हैं। आइए हम उन मुद्दों को सुलझा लें ताकि हम आगे बढ़ सकें।' शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत के बीच 1974 के त्रिपक्षीय समझौते से मामले सुलझ गए हैं, लेकिन अगर कोई अन्य लंबित मुद्दे हैं तो उन्हें उन पर विचार करने में खुशी होगी। यह अच्छा होगा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार में हमेशा के लिए इन चीजों को सुलझा लिया जाए। शेख हसीना के सत्ता से हटते ही पाकिस्तान ने बांग्लादेश से संबंध सुधारने की कोशिशें तेज कर दी हैं, जिससे आईएसआई का नेटवर्क फिर से सक्रिय हो गया है। यह नेटवर्क भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। 1991-96 और 2001-06 के बीच, जब बांग्लादेश में बीएनपी-जमात सत्ता में थी, तब आईएसआई ने भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिसमें पूर्वोत्तर विद्रोही समूहों और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को समर्थन और धन मुहैया कराया गया।

# मोदी सरकार में पैक्स के माध्यम से एलपीजी वितरण की शुरुआत : अरविन्द

पटना, (वार्ता)

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने आज कहा कि मोदी सरकार में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियो के माध्यम से एलपीजी वितरण की शुरुआत से स्वच्छ, स्वस्थ ऊर्जा विकल्प प्रदान करने में मदद मिलेगी। यह पहल अतिरिक्त राजस्व स्रोत तैयार कर और उनकी वित्तीय स्थाईत्व को बढ़ाकर पैक्स को मजबूत करने में मदद करती है। किसानों को एलपीजी तक सुविधाजनक पहुंच से सीधे लाभ मिलता है, जिससे समय एवं श्रम की बचत होती है, जिसे उत्पादक कृषि गतिविधियों की ओर पुनर्निर्देशित किया जा सकता है। पैक्स की ओर से की जाने वाली गतिविधियों के क्षेत्र का विस्तार करने के लिए, जिससे उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत और टिकाऊ बनाया जा सके, एलपीजी डीलरशिप के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी डीलरशिप के लिए पैक्स को अर्हता प्रदान करने के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। अपने व्यापक जमीनी स्तर के नेटवर्क और ग्रामीण समुदायों के बीच विश्वास के साथ, पैक्स दूरदराज के क्षेत्रों में एलपीजी वितरण में अंतर को पाटने के लिए अच्छी तरह से कार्यरत हैं। यह पहल न केवल एलपीजी आपूर्ति के व्यापक कवरेज को सुनिश्चित करती है बल्कि दूर के वितरकों पर निर्भरता को भी कम करती है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए सुविधा को बढ़ावा मिलता है।तेल विपणन कंपनियों के एलपीजी डीलरशिप के चयन के लिए एकीकृत दिशानिर्देशों के अनुसार, पैक्स द्वारा अधिकृत व्यक्ति को प्रशिक्षण दिया जाता है ।

# एसएसबी की तैनाती पूरे देश के लिए विश्वास का कारण:शाह

सिलीगुड़ी (वार्ता)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वी भारत का एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की तैनाती पूरे देश के लिए आश्वासन और विश्वास का कारण है। श्री शाह ने एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि बल की सतर्कता के कारण, हम पूर्वी क्षेत्र में विश्वास का माहौल बनाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने लगभग चार दशकों के बाद बिहार और झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की गरिमा का सम्मान करते हुए एसएसबी द्वारा नो मैन्स लैंड में 1100 से अधिक अतिक्रमणों को हटाना एक बड़ी उपलब्धि है। श्री शाह ने कहा कि बल ने पिछले तीन वर्षों में सीमा के 15 किलोमीटर के भीतर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाई है और हजारों एकड़ सरकारी भूमि को अतिक्रमण से सफलतापूर्वक मुक्त कराया है।

इस अवसर पर श्री शाह ने अगरतला के एक एकीकृत चेक प्वाइंट (आईसीपी) और पेट्रापोल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नवनिर्मित आवासीय परिसर का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आयुष्मान कार्ड, ब ै र क , सीएपीएफ ई-हाउसिंग और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के साथ सीएपीएफ कर्मियों के जीवन को आसान बना रही है। एसएसबी जवान सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, एसएसबी ने सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और समृद्ध विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का अनूठा काम किया है। उन्होंने कहा कि सीमा बल सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, मादक पदार्थों, हथियारों, वन्यजीवों, वन उत्पादों और जाली मुद्रा की तस्करी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ी मेहनत कर रहा है।



गृह मंत्री ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और पूर्वी क्षेत्र से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए शहीदों के परिवारों से कहा कि उनके वीर सपूतों के बलिदान ने देश को नया जीवन, ऊर्जा और उत्साह दिया है और पूरे देश को उन पर गर्व है।

श्री शाह ने कहा कि एसएसबी ने भारत के सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और समृद्ध विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का अनूठा काम किया है। उन्होंने कहा कि बल ने अपने कर्तव्यों के माध्यम से सेवा, सुरक्षा और भाईचारे के आदर्श वाक्य को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने नेपाल और भूटान के साथ विश्वास, विरासत और मित्रता की परंपराओं को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक सीमा, एक बल की नीति अपनाई थी जिसके बाद एसएसबी को नेपाल और भूटान के साथ सीमा की सतर्कता और सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि 1963 में अपनी स्थापना के बाद से ही एसएसबी ने सीमावर्ती गांवों में देशभक्ति और भारत के प्रति लगाव की भावना पैदा की है।

श्री शाह ने कहा कि देशवासियों को अपनी सच्चाई का भरोसा है क्योंकि एसएसबी के जवान नेपाल और भूटान से लगी 2450 किलोमीटर लंबी भारतीय सीमा पर पहरा दे रहे हैं।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**



## धूम मचाने के लिये तैयार है कियारा आडवाणी

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी वर्सेटिलिटी और स्टार पावर को दिखाते हुए आने वाली फिल्मों की एक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ दर्शकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में रिलीज़ के लिए निर्धारित, फ़िल्म गेम चेंजर प्रशंसित एस. शंकर द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में कियारा राम चरण के साथ हैं, जो एक डायनामिक ऑन-स्क्रीन जोड़ी का वादा करता है। शंकर के दूरदर्शी निर्देशन के साथ, फ़िल्म गेम चेंजर कियारा के करियर में एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है।एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट टॉक्सिक है, जो दर्शकों के लिए एक फेरीटेल है, जिसे गीतू मोहनदास ने लिखा और निर्देशित किया है। कियारा इस फिल्म में यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो उनके विविध पोर्टफोलियो में उत्साह की एक और परत जोड़ देगा। अयान मुखर्जी की ब्लॉकबस्टर वॉर की महत्वाकांक्षी सीक्वल में ॠतिक रोशन और कियारा आडवाणी एक साथ नज़र आएंगे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और मनोरंजक ड्रामा देने का वादा करती है, जो कियारा की एक डायनामिक और पावरहाउस कलाकार के रूप में स्थिति को और मजबूत करती है। कियारा आइकोनिक डॉन फ्रैंचाइज़ी की बहुप्रतीक्षित तीसरी क़िस्त में भी दिखाई देंगी। फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित, इस स्टाइलिश और एक्शन से भरपूर थ्रिलर में वह रणवीर सिंह के साथ नज़र आएंगी। कयारा आडवाणी के आगामी प्रोजेक्ट्स अलग-अलग भूमिका निभाने और इंडस्ट्री के कुछ टॉप टैलेंट्स के साथ काम करने की उनकी क्षमता को उजागर करते हैं।

## केजीएफ: चैप्टर 1 का मां वाला इमोशनल सीन पहले स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था : यश



दक्षिण भारतीप फिल्मों के सुपरस्टार यश का कहना है कि उनकी सुपरहिट फिल्म केजीएफ- चैप्टर 1 का मां वाला इमोशनल सीन पहले स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था। आज से ठीक छह साल पहले भारतीय दर्शकों ने यश को केजीएफ के जरिए यश को पैन-इंडिया सुपरस्टार बनते देखा। रॉकी का किरदार, जिसे यश ने निभाया, सिर्फ बगावत और ताकत का प्रतीक नहीं था, बल्कि उसकी भावनाएं भी हर किसी के दिल को छू गईं।एक सीन जो हमेशा याद रहता है, वो है जब रॉकी एक परेशान मां की मदद करता है और कहता है, दुनिया की सबसे बड़ी योद्धा एक मां होती है। ये सीन इतना इमोशनल था कि रॉकी की असली सोच को इसने दिखा दिया, जो दर्शकों के दिल को छू गया। हाल ही के एक इंटरव्यू में यश ने इस सीन के पीछे की क्रिएटिव प्रोसेस को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि यह सीन असली स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था। पहले इस सीन में दिखाया गया था कि रॉकी एक बुजुर्ग महिला को सड़क पार करवाता है। लेकिन एडिटिंग सेशन के दौरान एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर रामा राव ने इसमें बड़ा बदलाव करने का सुझाव दिया। चूंकि रॉकी की मां उसकी कहानी का अहम हिस्सा थीं, तो इस खास पल में उनकी भावना को जोड़ना सही लगा। यश ने कहा, कई बार कमाल के आइडियाज सामने आते हैं। केजीएफमें भी ऐसा ही हुआ। मैं और प्रशांत एडिट देख रहे थे और उस सीन पर काम कर रहे थे। जो मशहूर सीन मां के साथ है, वो असल में स्क्रिप्ट में एक बुजुर्ग महिला के सड़क पार करने वाला सीन था। उस सीन में मैं गन निकालता हूं, और इसे गन सीन के तौर पर शूट किया गया था। तो मेरे एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर, श्री रामराव, एडिट देख रहे थे। उन्होंने आकर कहा, सारी फिल्म तो मां के बारे में है। इस सीन में मां क्यों नहीं हो सकती? ये सुनकर मैं और प्रशांत एक-दूसरे को देखने लगे। हमें भी लगा, ये तो गजब का आइडिया है! फिर मैंने पूछा, अब क्या करें? तो प्रशांत ने कहा, चिंता मत करो, हम इस सीन को फिर से शूट करेंगे। इसके बाद हमने एक महिला को छोटे बच्चे के साथ बुलाया। फिर रॉकी अपनी मां को याद करता है, और मैं बाहर जाकर उस महिला से बात करता हूं। उसी दौरान हमें एक डायलॉग चाहिए था, और डिस्कशन करते-करते वो लाइन बन गई। सब कुछ ऐसे ही अपने आप होता चला गया।आपको कभी पता नहीं चलता, हमने उस स्क्रिप्ट पर 4-5 साल काम किया था। 2014 से काम कर रहे थे, पर ये आइडिया कहां से आएगा, ये किसी को नहीं पता। प्रोडक्शन संभालने वाले शख्स ने आकर हमें कुछ कहा, और अगर वो बात सही हो तो उसे मान लेना चाहिए।

## 61 वर्ष के हुये गोविंदा



बॉलीवुड में अपनी डांसिग स्टाइल और कॉमेडी अभिनय से दर्शको के दिलों मे खास पहचान बनाने वाले गोविंदा आज 61 वर्ष के हो गये। 21 दिसंबर 1963 में जन्में गोविन्दा फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अरूण आहूजा अभिनेता जबकि मां निर्मला देवी चालीस के दशक में अभिनेता-अभिनेत्री के तौर पर फिल्मों में काम करते थे। बचपन के दिनो से हीं गोविन्दा भी अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे।गोविन्दा ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म इल्जाम से की। इस फिल्म में उन पर फिल्माया यह गीत'स्ट्रीट डांसर 'काफी लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म की सफलता के बाद गोविन्दा की छवि एक डांसिग स्टार के रूप में बन गयी और फिल्मकारो ने उनकी इसी छवि को अपनी फिल्मों में जमकर भुनाया। इल्जाम में गोविन्दा की जोड़ी नीलम के साथ काफी पसंद की गयी।इस फिल्म के बाद नीलम और गोविन्दा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया । इन फिल्मों में लव 86.खुदगर्ज, हत्या, सिंदूर, फर्ज की जंग,ताकतवर और दो कैदी शामिल है। गोविन्दा के सिने सफर में उनकी जोड़ी डेविड धवन के साथ काफी पसंद की गयी। वर्ष 1989 में गोविन्दा ने निर्देशक डेविड धवन के साथ पहली बार ताकतवर में काम किया। इस फिल्म को टिकट खिड़की पर औसत सफलता प्राप्त हुयी लेकिन इस फिल्म के बाद डेविड धवन और गोविंदा की जोड़ी बन गयी और दोनो ने कई फिल्मों में एक साथ काम कर दर्शकों का मनोरंजन किया। गोविंदा आज भी सक्रिय हैं।

# जिले की नगरीय निकायों में लगाये गये 42 शिविर

नरसिंहपुर।

प्रशासन गाँव की ओर के अन्तर्गत जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले की नगरीय निकायों में शिविर लगाये जा रहे हैं। नगरीय निकायों में 19 दिसम्बर को कुल 42 शिविर लगाये गये। इन शिविरों के माध्यम से एक हजार 80 आवेदन आये, जिसमें 888 आवेदन स्वीकृत, 7 आवेदन अस्वीकृत और 185 आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। यह अभियान जिले में 26 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर को गाडरवारा के शहरी क्षेत्र में




कुल 9 शिविर लगाये गये। इन शिविरों के माध्यम से कुल 340 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 307 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत एवं 2 आवेदन अस्वीकृत किये गये और 31 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। गोटेगांव के शहरी क्षेत्र में कुल 7 शिविरों के माध्यम से कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत और 4 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।

इसी तरह करेली के शहरी क्षेत्र में कुल 7 शिविर लगाये गये। इन शिविरों के माध्यम से कुल 349 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 340 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत एवं एक आवेदन अस्वीकृत व 8 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।

नरसिंहपुर के शहरी क्षेत्र में कुल 7 शिविरों में कुल 126 आवेदन प्राप्त, 81 स्वीकृत, 2 अस्वीकृत व 43 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। सालीचौका- बाबईकला के शहरी क्षेत्र में कुल 7 शिविरों में कुल 171 आवेदन प्राप्त, 80 स्वीकृत और 91 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। तेंदूखेड़ा के शहरी क्षेत्र में कुल 5 शिविरों में कुल 65 आवेदन प्राप्त, 55 स्वीकृत, 7 अस्वीकृत व 185 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।



# सेवानिवृत शिक्षकों, शिक्षिकाओं का स्नेह मिलन

नरसिंहपुर।

विगत दिवस सेवानिवृत शिक्षकों , शिक्षिकाओं का स्नेह मिलन का आयोजन ब्रांच प्राथमिक शाला कंदेली में किया गया, जिसमें वयोवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक विजयशंकर ज्योतिषी, रमाकांत गुप्त की विशेष उपस्थिति रही। इनकी इच्छा थी कि जीवन के इस पड़ाव में हमारे सभी साथियों से मुलाक़ात हो, जो विगत 25 वर्ष से अधिक समय से मिल नहीं पा रहे थे। सभी ने मिलकर एक दूसरे का हाल जाना।

सभी ने अपनी पुरानी यादें ताजा की। इस अवसर पर विजय शंकर ज्योतिषी, रमाकांत गुप्त, पी, एस, बुनकर,रामकुमार शर्मा, प्रभाकर सिंह राजपूत, पवन चौबे, श्री तिनगुरिया, श्रीमती बैजन्ती पाठक, दयावती ठाकुर, उर्मिला रैकवार, मुन्नी गुप्ता, मंजू लता जैन, शकुन नामदेव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में सभी ने अपने उद्बोधन में एक दूसरे को बधाई दी।

# जनकल्याण पर्व के तहत गांव में शिविरों का हुआ आयोजन

**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को धरातल तक सुगम रूप से पहुंचाने के लिए चैथे सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही भारत सरकार एवं मण्प्रण् सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत.प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभाते हुए ब?ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते आज ग्राम पंचायत सरई में जनशिविर में शामिल हुए। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जनकल्याण पर्व के तहत समनापुर कलस्टर में आज ग्राम पंचायत माधोपुरए छांटाए किंवटीए सरई और प?रिया में जन शिविर आयोजित किये गए। उक्त शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभागए जनजातीय कार्य विभागए स्वास्थ्य विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए कृषि विभागए वन विभागए राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। सीईओ जनपद पंचायत समनापुर सीण्पीण् साकेत ने बताया कि आयोजित शिविरो में 46 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार किये गए।

# युवा कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**नरसिंहपुर।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। सुभाष पार्क चौराहे पर युवा कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि असम में कांग्रेस कार्यकर्ता मृदुल इस्लाम की हत्या के संबंध में परिवार से मिलने जा रहे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिप को असम के मुख्यमंत्री के निर्देश पर बेवजह गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर युवा कांग्रेस द्वारा असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। वहीं ग्रह मंत्री अमित शाह



द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पर की दिए गए आपत्तिजनक बयान से पूरे देश में रोष है। भाजपा इस मद्दे को भटकाने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर झूठे मामले दर्ज कर रही है।केंद्र सरकार और भाजपा की राज्य सरकारें संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं, युवा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी।

उक्त मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल चौरसिया, रोहित पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, चंद्रप्रकाश यादव, संजय राजपूत, मिक्की राय, एन एस यू ई जिला अध्यक्ष ईशान राय, अंकुर बटरी, अभिषेक जाट, कैलाश नौरिया, जितेंद्र लोधी, राजाराम पटेल, आज़ाद खान, संजय मेहरा, पलाश लोधी, शुभम ठाकुर, अंशुल महाराज, शहबाज खान, अजीत पटेल, ऋषि राज पटेल, गोल्डी खान सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

# पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन

**शहडोल ।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो रामशंकर ने की आयोजन के संयोजक डॉ आदर्श तिवारी ने पुष्प गुच्छ से स्वागत कर बताया की 21 जून को सबसे बड़ा दिन होता है इसलिए हम उस दिन विश्व योग दिवस मनाया जाता है और 21 दिसम्बर को सबसे बड़ी रात होती है इस लिए इस दिन विश्व ध्यान दिवस मनाया जायेगा आज प्रथम ध्यान दिवस पर आप सभी का स्वागत है इस ध्यान दिवस को कुलगुरु मागर्दर्शन में हाट्र्स फुलनेस के सयुक्त तत्वावधान में हम विश्व विद्यालय के परिसर में मना रहे है । इस समारोह में कुलगुरु प्रो रामशंकर उद्बोधन देते हुए बताया संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के नेताओं ने 21 दिसंबर को न्यूयॉर्क में विश्व ध्यान दिवस मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने ध्यान को सभी धर्मों और सीमाओं से परे बताया। उनका कहना है कि मौजूदा समय में जारी संघर्षों और अविश्वास में यह (ध्यान) कूटनीति का एक शक्तिशाली साधन है।1858 में जर्मनी में, प्लैंक ने क्वांटम परिकल्पना पेश की, जिसमें प्रस्तावित किया गया कि ऊर्जा अलग-अलग पैकेटों या च्क्वांटाज्ञ में उत्सर्जित होती है, जो शास्त्रीय भौतिकी को हमेशा के लिए बदल देती है। ब्लैकबॉडी विकिरण पर उनका काम और प्लैंक स्थिरांक की स्थापना क्वांटम यांत्रिकी की आधारशिला बन गई, जिससे उन्हें 1918 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला।यह उद्धरण उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि चेतना, पदार्थ नहीं, मौलिक वास्तविकता है। यह ब्रह्मांड की रहस्यमय व्याख्या के अनुरूप है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चावरा विद्यापीठ में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**नरसिंपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देषानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोषी के मार्गदर्षन में चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में नालसा (बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन दिनांक 20.12.2024 को आयोजित किया गया। उक्त षिविर में जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर श्री वैभव सक्सेना द्वारा अपने उद्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओ, भारत की न्याय प्रणाली के बारे में, मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमो की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने बच्चो एवं उपस्थित षिक्षको को सायबर फ्राड से सतर्क रहने की समझाईस दी तथा बताया कि सायबर क्राईम होने पर तत्काल 1930 पर सूचना दें। सायबर अपराध होने पर प्रथम 01 घंटा गोल्डन आवर होता है, यदि 01 घंटे के अंदर सायबर अपराध की सूचना दे दी जाती है तो पैसे वापस प्राप्त होने की संभावना बढ जाती है। श्री सक्सेना ने बताया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नही है। इसलिये डरे नहीं बल्कि तत्काल पुलिस को सूचित करे। कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विष्णु श्रीवास्तव ने भी बच्चो को संबोधित किया उन्होने पॉस्को एक्ट, गुड टच, बेड टच, मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम, ट्रोल फ्री न0 15100, विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उद्देष्यो, बाल संरक्षण कानून के साथ ही अन्य कानूनी जानकारी प्रदान की। उक्त षिविर में विद्यालय के प्राचार्य फॉदर बाबू जॉन के साथ षिक्षकगण, पैरालीगल वॉलेन्टियर श्री मदन साहू एवं श्री दीपचंद सोनी सहित छात्र- छात्राये उपस्थित रहे।

## समृद्धि योजनांतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** मप्र जनअभियान परिषद की समृद्धि योजनार्गत पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में दो दिवसीय प्रशिक्षण आवासीय सुविजिता होटल नरसिंहपुर में शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के ग्राम विकास प्रमुख श्री श्याम वनवाले भी मौजूद थे। अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। पूर्व राज्य मंत्री श्री पटैल ने कहा कि वर्तमान कृषि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के ज्यादा उपयोग करने से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके लिए किसानों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने बताया की पूर्व में किसान, कृषि एवं ग्राम वेदांत के सिद्धांत पर कार्य करते थे। वर्तमान विसंगति का कारण उस सिद्धांत के विमुख होना है। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने परिषद की संरचना, विभिन्न गतिविधियों व योजनाओं और नवांकुर संस्थाओं की वार्षिक कार्ययोजना को विस्तार से बताया।

## लर्निंग लाइसेंस के लिए आयोजित किये जा रहे शिविर

**डिंडौरी स्वतंत्र मत।** सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय के तत्वाधान में विशेष शिविर आयोजित कर कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लाइसेंस बनाये जा रहे हैए इस दौरान लर्निंग लाइसेंस बनाने की पूरी प्रक्रिया को समझाया जा रहा हैए साथ ही आवेदन भी स्वीकार किये जा रहे है। आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 हितग्राहियों को लाभ दिया गया। शिविर में विद्यार्थियों को लाइसेंस बनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया शासन द्वारा फैसलेस की जा चुकी हैए जिसे आवेदक स्वयं अपने मोबाइल से भी निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण कर बना सकते है। शिविर के माध्यम से यातायात नियम का पालन करने के लिए भी युवाओं को प्रेरित किया गया।

# भंडारे के साथ गौ भागवत कथा संपन्न



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय आचार्य नगर कॉलोनी कन्या नवीन स्कूल के बाजू में श्रीमद् गौ भागवत कथा पंडाल में गौ माता के भक्तों ने श्रद्धा भाव के कथा का श्रवण किया। शुक्रवार को अंतिम दिन भी भजन संध्या में धार्मिक भजनों की प्रस्तुति हुई। दोपहर एक बजे से हरिइच्छा तक चलने वाली कथा में कथा पंडाल गौ भक्तों से भरा रहा। कथावाचक पंडित प्रवीण व्यास ने अंतिम दिन के प्रवचन में कहा कि गौ माता का संरक्षण बहुत आवश्यक है। गौ सेवा से ही पितृदोष की शांति होती है, भाग्योदय होता है। इसलिए गौ सेवा करना बहुत जरूरी है, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले। नगर की धर्मप्रेमी जनता एवं गौ माता के भक्तों ने श्रद्धा भाव से कथा में भरपूर सहयोग किया। कथा पंडाल में संतों के समागम के साथ संतों का सानिध्य मिलता रहा।

शनिवार 21 दिसंबर को प्रसादी भंडारे के साथ कथा का समापन किया गया द्य भंडारे में भारी संख्या धर्म प्रेमी जनता ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की द्य 16 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक आचार्य नगर में चली श्रीमद् गौ भागवत कथा एवं भंडारे के आयोजन में सभी का सहयोग रहा ।

# छात्रों ने दिया कुलपति के नाम ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

शासकीय महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा बी.ए. प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम अविश्वसनीय घोषित हुऐ हैं, अमित गुर्जर छात्र नेता गाडरवारा के द्वारा जानकारी दी गई ,परीक्षा केंद्र में उपस्थिति मेजर हिंदी में 497 एवं मेजर पॉलिटिकल में 217 एवं अन्य विषयों में टोटल 926 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में परीक्षा दी , परिणाम घोषित होने पर मेजर हिंदी में 497 में से लगभग 200 विद्यार्थियों को एवं मेजर पॉलिटिकल में 217 में से लगभग 60+ विद्यार्थियों को थ्योरी में 0 अंक या 2,3 अंक प्रिंट है (सी.आर. जी.आर. प्वाइंट) में 0 अंक दे कर अनुत्रीण कर दिया गया है, द्य इस विषय में छात्र नेता अमित गुर्जर ने कुलपति विश्वविद्यालय जबलपुर के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को 250+छात्र छात्राओं के साथ ज्ञापन सौंपा,साथ ही चेतावनी दी की विश्वविद्यालय से पूर्व में भी एसी अनिमियताएं सामने आई है परिणाम में सुधार नहीं हुआ तो छात्र शक्ति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा ।



# युवा कांग्रेस ने अमित शाह की टिप्पणी पर किया विरोध प्रदर्शन



## अमित शाह का पुतला दहन की कोशिश कर इस्तीफे की मांग

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी के अपमान एवं राहुल गांधी पर हुई झूठी ए? आई आर के विरोध में गाडरवारा युवा कांग्रेस द्वारा अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित कर इस्तीफे की मांग की गई । विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की । विरोध प्रदर्शन के समय भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा । जैसे ही युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पुतले में आग लगाने लगे पुलिस ने पुतला छीन लिया काफी देर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच झूमा झटकी हुई नगर पालिका की फायर ब्रिगेड द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर पानी की बौछार भी की गई । पुलिस द्वारा भी पानी डाला गया। लेकिन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह में कमी नहीं आई और उन्होंने पानी में भीगते हुए अपना विरोध जताया । पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल ने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी के अपमान एवं राहुल गांधी पर हुई झूठी ए? आई आर का हम विरोध करते हैं । देश के गृहमंत्री ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी पर जो टिप्पणी की है उसकी हम निंदा करते हैं । कांग्रेस नेता अभिनव ढिमोले ने कहा कि देश गृहमंत्री ने जो अमर्यादित बयान दिया है वह निंदनीय है हम उस बयान की निंदा करते है जल्द ही कांग्रेस जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन करेगी । कांग्रेस नेता रवि शेखर जायसवाल ने कहा कि देश के गृहमंत्री को अपने पद की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए उन्होंने संविधान के रचयिता के बारे में जो अपमान जनक टिप्पणी की है उसकी हम घोर निंदा करते हैं युवा कांग्रेस ,एन एस यू आई बधाई की पात्र है जिन्होंने विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा । युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को नहीं मानती भाजपा हमारे कांग्रेस नेताओं के बारे में गलत टिप्पणी करते हुए चली आ रही है अब देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी के बारे में जो टिप्पणी की है उसकी हम निंदा करते हैं । युवा कांग्रेस नेता राजदीप दुबे ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर जी सबके लिए अमर हैं सभी उनका सम्मान करते हैं देश के गृहमंत्री ने जो टिप्पणी करके उनका अपमान किया है उसे कांग्रेस बर्दाशत नहीं करेगी । पुरानी गल्ला मंडी में विरोध प्रदर्शन करते समय कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल मझले भैया, उमा गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अवधेश रूसिया, आलोक जैन, सतीश सैनी, जयेश खजांची, अनिल साहू, हरिसिंह बौद्ध,, जगमोहन गुर्जर, राजुल शेखर जायसवाल, आयुष जैन, कपिल नीखरा, तिलक चौहान,हुसैन भाईजान, अखिलेश खंताल, राजू ढिमोले, शिवम बरहैया , पीयूष राजपूत, आकाश



चौहान, शहबाज कुरेशी, शुभम कौरव, धुर्व राडवे, कौशिक काबरा, रितिक शर्मा, आदित्य श्रीवास, वासु ढिमोले लकी अली , आदि उपस्थित रहे अंत में आभार प्रदर्शन एन एस यू आई अध्यक्ष निकेत पटैल ने किया ।

# भाजयुमो ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

## कांग्रेस पर जड़ा बाबा साहेब के एडिटेड वीडियो से जनता को गुमराह करने का आरोप



कटनी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने को लेकर थाना तिराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। गुरुवार को संसद परिसर में कथित रूप से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा धक्का दिए जाने का विरोध युवा मोर्चा ओर भाजपा नेताओं ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी डॉ. अंबेडकर की विरोधी, संविधान विरोधी, आरक्षण विरोधी और ओबीसी विरोधी पार्टी है। कांग्रेस लगातार झूठी और मनगढंत वीडियो जारी कर रही है और आमजन में भ्रांति फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करना और समाज में झूठ फैलाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस के गाँधी परिवार ने अपने परिवार के नाम पर देश में हजारों स्मारक बनवाये लेकिन बाबा साहेब का स्मारक नहीं बनने दिया। भाजपा कभी भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकती है। इस अवसर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, मृदुल मिश्रा, रवि खरे, अबरीष वर्मा, यज्ञदा मिश्रा, आशीष गुप्ता बाबा, सौरभ अग्रवाल, रजत जैन, अशोक दा संजू गर्ग, कौशलेश मिश्रा, पवन शर्मा, अभिषेक ताम्रकार, वागीश आनंद, रौनक खंडेलवाल, सतीश मोटवानी, अक्षय श्रीवास्तव, अवकाश जायसवाल, सोनू बहरे, राजू मखीजा, श्याम पंजवानी, गोविंद चावल, दीपक तिवारी, मयंक गुप्ता सहित युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पोस्टर बनाकर मनाया विजय दिवस

**कटनी।** नेहरू युवा केन्द्र कटनी की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर एवं लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खिरहनी में पोस्टर निर्माण कर विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य सैनिकों के शौर्य और जज्बे को सलाम करना और 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद दिलाना है। इस अवसर पर पोस्टर निर्माण जिसमे छात्रावास के युवाओं ने सभागिता की जिले की बहोरिबंद विकासखंड के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक राम कुमार के अगुवाई में छात्रावास के छात्रों ने चित्र बनाकर 16 दिसंबर का दिन भारत की सैन्य ताकत और कूटनीतिक नेतृत्व का प्रतीक एवं उन वीर सैनिकों और नागरिकों को याद करने का दिन है जिन्हें छात्रों ने पुण्यस्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला के लिए सहायता



**कटनी।** राज्य शासन द्वारा घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए सहायता योजना लागू की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि योजनांतर्गत घरेलू हिंसा की पीडिता मध्यप्रदेश की स्थानीय निवासी महिलाओं एवं बालिकाओं को सहायता प्रदान की जाएगी। पीड़िता की घरेलू हिंसा के कारण शरीर के किसी भी भंग की स्थाई क्षति के परिणामस्वरूप दिव्यांगता होने पर क्षतिपूर्ति सहायता राशि प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पीड़िता अथवा उसके आश्रित को परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अथवा प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर को घटना की दिनांक से एक वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ घटना की एफआईआर दर्ज करने की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। शरीर के किसी भी अंग की स्थाई क्षति के परिणाम स्वरूप 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2 लाख रूपये तथा शरीर के किसी भी अंग की स्थाई क्षति के परिणाम स्वरूप 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर 4 लाख रूपये तक की सहायता राशि दी जायेगी। शासकीय मेडिकल बोर्ड से शारीरिक क्षति के आंकलन के पश्चात् जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा आवेदनों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। पीडिता अथवा आश्रित द्वारा जिला स्तरीय समिति के निर्णय से व्यथित होने पर 60 दिवस की अवधि के भीतर संभागयुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेंगे।

## सिंधी स्कूल में शिविर लगाकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित



**कटनी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत वार्डों में दिनांकवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, इस वृहद् अभियान में शिविर के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में जयप्रकाश वार्ड एवं जगमोहन दास वार्ड के नागरिकों हेतु नई बस्ती सिंधी स्कूल परिसर में एमआईसी सदस्य एवं स्थानीय पार्षद सुभाष साहू, जयनारायण निषाद की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर पात्र हितग्राहियों को पार्षदों एवं अधिकारियों द्वारा शिविर स्थल में ही हितलाभ वितरण किया गया।

आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार शिविर के सुनियोजित संचालन हेतु राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहा यंत्री आदेश जैन ने शिविर स्थल में उपस्थित होकर शिविर को संपन्न कराया। साथ ही आगामी शिविर हेतु संपर्क दल प्रभारी द्वारा दल सहित वार्डों में जाकर पूर्व से ही शिविर स्थल एवं दिये जाने वाले लाभ की जानकारी भी दी गई।

# बाबा साहेब का चित्र हाथ में लेकर कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

## गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग के साथ मिशन चौक पर जमा हुए कांग्रेसियों ने की नारेबाजी



कटनी।

संसद में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया है। यह आरोप कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेताओं ने लगाते हुए हाथों में बाबा साहेब का चित्र लेकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि हताशा में आकर भाजपा सरकार ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई। डॉ. अंबेडकर के बारे में अमित शाह की बेहद अपमानजनक टिप्पणियों से ध्यान हटाने और असहमति की आवाजों को दबाने का एक ज़बरदस्त प्रयास है। उन्होंने कहा भाजपा की हरकतें सिर्फ़ व्यक्तिगत नेताओं पर हमला नहीं है बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिशिन चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान दोषी भाजपा सांसदों के ऊपर एफआईआर करने एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे मांग की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर पूर्व जिला अध्यक्ष गुमान सिंह महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम पूर्व महामंत्री राकेश काका जैन शिक्षा शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी लॉक अध्यक्ष गुलाम जफर कमल पांडे जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुला पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, श्याम पाहुजा डी आर सिरोटे, प्रशांत जायसवाल, प्रदेश सचिव माया चौधरी, मुमताज बानो, जिला इंटक परिषद अध्यक्ष बृजमोहन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रेम बत्रा , आदित्य वर्मा, लता खरे, सरिता कटारे, श्वेता कटारे, सीमा यादव, पूर्व पार्षद राजेश जाटव, पार्षद आफताब जोखे भाईजान, राजमणि तिवारी, अंकित चतुर्वेदी, अभय खरे, मंगल सिंह, बृजेश मौर्य, उदय सिंह गौड़, शिबू जॉन, कमल पांडे, संतोष यादव, रमेश अहिरवार, राकेश द्विवेदी गुड्डू, विवेक बिरहा परसों के भाईजान, अहमद कुरेशी, अरशद खान, देवीदीन गुप्ता, अजय जैसवानी, मुस्ताक भाई, सतवीर भाटिया, ईश्वर बहरानी, सीमा यादव, इस्तहक अहमद, विक्की पुरुस्वानी, बृजेश मौर्य, अंकित, आनंद खमपरिया, सुमन रजक, श्याम कल्लूदास बैरागी, जॉर्ज डेविड, रॉबिन पीटर, प्रवक्ता एडवोकेट संदीप जयसवाल, जीतूआदि सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## सायना महाविद्यालय द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कटनी द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024 का शानदार आयोजन सायना महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 20, 21 व फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपना पंजीयन कराया है और प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।



इस प्रतियोगिता की शुरुआत में प्रथम दिवस के मैच के खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति के जीवन मे किसी न किसी खेल विधा का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि जब व्यक्ति शरीरिक रूप से फिट रहता है तो वह सभी कार्य को पूरी लगन के साथ करता है। व्यक्ति के जीवन मे खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है, और नियमित रूप से फिट रहना जरूरी है। इसके पश्चात मैच का शुभारंभ किया गया जिसमें सिंगल में सौम्या, अनामिका नायक, लकी बजाज, हर्ष चौहान ने शानदार प्रदर्शन किया इसी क्रम में डबल में हर्ष बर्मन एवं हर्ष चौहान व राजीव एवं रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी छात्र/छात्राओं व महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष व सहायक प्राध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# तिलक महाविद्यालय में मानव विकास संकल्पना विषय पर कार्यशाला



कटनी।

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में 21 दिसम्बर को भूगोल विभाग में मानव विकास संकल्पना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मानव विकास की संकल्पना पर विचार-विमर्श करना। इस कार्यशाला के माध्यम से समाज में मानवीय आवश्यकताओं को आधार बनाकर विकास की प्रक्रिया पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. व्ही.के.द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. प्रतीक चौबे, अतिथि विद्वान भूगोल, स्वामी विवेकानंद, शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद सम्मिलित हुए। उन्होंने समाज, अर्थव्यवस्था और व्यक्तिगत उन्नति से संबंधित कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह संकल्पना मानव जीवन के गुणवत्ता और मानवीय क्षमताओं में सुधार को केंद्रित करती है, मानव विकास का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय जैसे पदों को भी शामिल किया जाता है। इस कार्यशाला में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा अध्यापक समाजशास्त्र, डॉ. रितु त्रिपाठी, अतिथि विद्वान समाजशास्त्र, डॉ.विजय कुमार, अतिथि विद्वान हिंदी, डॉ. कीर्ति रजक, अतिथि विद्वान इतिहास, मोहम्मद अमीन खान, अमित कुमार चौधरी एवं देवराज सिंह सहभागी रहे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विचार-विमर्श में सक्रिय भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग डॉ. व्ही.के.द्विवेदी ने अपने संचालन के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया और मानव विकास की संकल्पना पर विचार-विमर्श पर अपने गहन विचार साझा किए। अंत में सभी अतिथियों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला के अंत में यह निष्कर्ष निकला कि यह कार्यशाला महाविद्यालय के नवाचार और छात्रों के विचार विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। मानव विकास संकल्पना पर केंद्रित इस प्रकार की चर्चा छात्रों को गहन सोच और सामाजिक चेतना विकसित करने में मदद करती है।




## जेपीवी डीएवी में हुआ राष्ट्रीय गणित दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कटनी।** जेपीवी डीएवी विद्यालय में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। गणित शिक्षकों में मृत्युंजय मिश्रा, नीलांजना गोस्वामी, रंजन अग्रवाल, आशुतोष मिश्रा, मनु गौतम, नीतू ग्रोवर एवं उमामा खान ने क्विज प्रतियोगिता के आयोजन एवं संचालन में सहयोग प्रदान किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चार सदनों में प्रत्येक सदन से पांच-पांच बच्चों को लेकर हुई। जिसमें गणित विषय का महत्व बताते हुए गणित शिक्षक मृत्युंजय मिश्रा ने प्रतियोगिता का आरंभ किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए और बच्चों ने उसमें बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। क्विज की समाप्ति के बाद वरिष्ठ शिक्षक समीर दास ने परिणामों की घोषणा की। जिसमें दयानंद हाउस विजेता रहा एवं अन्य तीन हाउस टाई हुए। मंच संचालन कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने किया, विजेता सदन दयानंद हाउस से अनन्य जार सातवीं, अद्विक खरे छठी, तन्वी पटेल आठवीं, ईशान उपाध्याय नवमी एवं अद्विक गुप्ता कक्षा दसवीं के प्रतिभागी रहे। विद्यालय प्राचार्य एस के सिंहा ने राष्ट्रीय गणित दिवस की सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं एवं विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

## डी.पी.एस. के बच्चों ने देखी बाल फिल्म मुफासा



**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा पाँचवी से कक्षा आठवी तक के छात्र-छात्राओं की मित्तल मॉल में बाल फिल्म मुफासा विद्यालय की ओर से दिखाई गई। सभी बच्चे स्कूल बस से मॉल पहुँचे । शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सभी बच्चों में मल्टीप्लेक्स में अपनी सीटों पर बैठे जहाँ उन्हें स्नैक्स और पॉपकार्न दिए गए। थ्री डी चश्में पहनकर बच्चों ने जंगल, शेर, रोमांचक कहानी का भरपूर लुफ्त उठाया। अपने दोस्तों शिक्षकों के साथ मूवी देखने का अनुभव बच्चों को बहुत पसंद आया। शिक्षकों एवं बच्चों ने इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्या, उपप्राचार्या एवं मैनेजमेंट को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनीती घनश्यानी, आशिद अली और सौरभ सामंता का योगदान रहा। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजक ट्रिप बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करती है।

## 6 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा




**कटनी।** लघु उद्योग भारती जिला कटनी की समस्त इकाइयों ने प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी के मार्गदर्शन में एवं महाकौशल संभागीय अध्यक्ष अनिल वासवानी, सचिव हरिसिंह भदौरिया एवं मुरलीधर रतनानी के नेतृत्व में कटनी शहर के उद्यमी बंधुओ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एवं उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप के नाम 6 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौपा गया जिसमें उद्योग से जुड़ी हुई फायर एनओसी की प्रक्रिया, आयातित दलहन पर मंडी टैक्स, गारमेंट क्लस्टर का विलंब होना, जैसी समस्याओं के बारे में उल्लेख किया गया। ज्ञापन सौंपते वक्त कटनी शहर के 150 से भी ज्यादा उद्यमियों की उपस्थिति रही।

## शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों ने उठाया आनंद





**कटनी।** बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति द्वारा संचालित बारडोली विशेष महाविद्यालय द्वारा 20 दिसम्बर को कोर्सकोर्डिनेटर दीपा के मार्गदर्शन में प्रषिक्षणार्थियों को विषेष बालकों के सीडल्यूएसएन छात्रावास, प्रेमनगर कटनी का भ्रम्रण कराया गया। जिसका उद्देष्य प्रशिक्षणकर्ताओं में स्वतंत्र विचारों का निर्माण तथा अन्य विशेष बच्चों के साथ समायोजन कर प्रशिक्षण प्रक्रिया की अनुभूतियों को अनुभूत कराना था। इस उद्देष्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय द्वारा प्रशिक्षणकर्ताओं को शासन द्वारा संचालित सीडल्यूएसएन छात्रावास ले जाया गया। प्रशिक्षणकर्ताओं के साथ वहा महाविद्यालय के स्टाफ की उपस्थिति भी रहीं। प्रषिक्षणकर्ता छात्रावास में रह रहे विषेष बालकों से मिले व उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा व समझा। महाविद्यालय द्वारा छात्रावास के बच्चो को स्नैक्स का वितरण किया गया। प्रषिक्षणकर्ताओं व महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्रावास के बच्चों के बीच कुछ समय व्यतीत किया गया। तत्पश्चात शैक्षणिक भ्रमण के उद्देष्य को पूर्ण करते हुए प्रषिक्षणकर्ताओं द्वारा अपने अंदर एक बनई उर्जा की अनुभूति करते हुए विशेष बालकों के बीच समय बिताने का संकल्प लिया। शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के अध्यक्ष विनोद विलौहा ने समस्त स्टॉफ व प्रषिक्षणकर्ताओं को बंधाई दी। प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह ने छात्रों को भम्रण हेतु अभिप्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश तिवारी एवं कार्येक्रम प्रभारी मनोज प्यासी द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्टॉफ संगीता जाटव सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में राकेश गुप्ता, क्षिप्रा निगम डॉ. रजनी पांडे, कमल गिरी गोस्वामी, लखन साकेत,स्मृति मौर्य प्रीति मॉटेल, गायत्री मंद्राह, रेषु चौवे एवं शैलेन्द्र बड़गैया, पवन दाहिया आदि समस्त स्टॉफ बीएडबीएबीएड स्पेशल डीएड. एवं बीएड की मौजूदगी रही।

# विजयराघवगढ़ एवं रीठी विकासखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन





**कटनी।** नेहरू युवा केंद्र कटनी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकारद्ध के तत्वाधान में कीर्तिका कुहर जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केंद्र कटनी एवं राजकुमार अग्रवाल लेखा/कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरु युवा केंद्र कटनी के निर्देशन में खेल मैदान शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय विजयराघवगढ़ एवं खेल मैदान रीठी में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधिया-200 मीटर दौड़ पुरुष, 100 मीटर दौड़ महिला, गोला फेंक पुरुष, गोला फेंक महिला, रस्सा कसी पुरुष, खो-खो महिला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरस्वती मिश्रा प्राचार्य उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़, उमा चडार युवा खेल समन्वक, विजयराघवगढ़ एवं प्रतिभा जैन प्राचार्य सी.एम.राईज विद्यालय रीठी, रोहणी सिंह दादा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, देवी सिंह मरावी कोच खेल एवं युवा कल्याण विभाग की उपस्थिति रही। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में रवि चौधरी, सतेन्द्र सिंह, सुजीत पयासी खेल प्रभारी श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर, प्रथ्वी सिंह राणा का विशेस सहयोग रहा। विकासखंड विजयराघवगढ़ में 200 मीटर दौड़ पुरुष में प्रथम अर्चित गुप्ता, द्वितीय कृष्णा यादव एवं तृतीय स्थान अनुज सिंह, 100 मीटर दौड़ महिला प्रथम – अंकिता बड़गैया, द्वितीय – योगिता केवट, तृतीय – साक्षी बर्मन, गोला फेक पुरुष, वर्ग में प्रथम अनुज, द्वितीय नितिन, तृतीय कृष्णा, गोला फेक महिला, प्रथम आयुसी, द्वितीय – रानू चौधरी, तृतीय – दीपाली, खो-खो महिला वर्ग सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता शास. महा. बरही, उपविजेता श्रमधाम कैमोर तथा रस्सा कस्सी पुरुष वर्ग सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता शास. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजयराघवगढ़, उपविजेता श्रमधम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कैमोर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विकासखंड रीठी में 200 मीटर दौड़ पुरुष में प्रथम दृभूपेंद्र, द्वितीय मयूर श्रीवास्तव, तृतीय लोकेंद्र, 100 मीटर दौड़ महिला, में प्रथम एलवीना मसीह द्वितीय रोशनी पाल तृतीय रूबी यादव, गोला फेक पुरुष, वर्ग में प्रथम विनय साहू, द्वितीय विष्णु, तृतीय अभिषेक ताम्रकार, गोला फेक महिला प्रथम वर्षा, द्वितीय महक बर्मन, तृतीय शिवानी साहू, खो-खो महिला वर्ग सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता कटनी टीम, उपविजेता सी एम राइज रीठी तथा रस्सा कस्सी पुरुष वर्ग सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता रीठी आयुष टीम, उपविजेता सी एम राइज रीठी ने स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के परिणाम के अनुसार विजेता प्रतिभागी एवं उपविजेता प्रतिभागी एवं समस्त प्रतिभागीयो को ट्राफी, मैडल एवं प्रमाण पत्र का वितरण अथितियो द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड विजयराघवगढ़ के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आदित्य दुबे, महक बड़्गैया एवं विकासखंड रीठी के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सोनाली ताम्रकार युवक/महिला मंडल सदस्य, शिक्षकगण आदि का कार्यक्रम को सफल बने में विशेष सहयोग रहा

# युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने मध्यप्रदेश ने किया अनुकूल वातावरण का निर्माण : मुख्यमंत्री

## हमारे युवा उद्यमियों के परिश्रम से विश्व पटल पर भारत ने बनाई अलग पहचान

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि युवा उद्यमियों को भारतए युवा उद्यमियों के परिश्रम से विश्व पटल पर एक अलग पहचान बना रहा है। विश्व में हमारे देश में सबसे अधिक युवा शक्ति है। युवाओं के हाथों में आने वाले समय की बागडोर है। हमारे देश के युवाओं के भविष्य की तरफ बढ़ते हुए कदम देश को विकास के पथ पर तेज गति से आगे ले जा रहा हैं। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए




सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निवेश और स्टार्ट-अप को सरकार के द्वारा लगातार प्रोत्साहन देकर मदद की जा रही है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉण् यादव शनिवार को उज्जैन में यंग एंटरप्रेन्योर समिट-2024 में युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि युवाओं के पैरों में गति, हाथों में शक्ति है और भविष्य के तरफ लक्ष्य को देखने की दृष्टि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवा उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप के लिए बजट में पर्याप्त धनराशि है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वर्तमान समय नवाचार का है। युवा अधिक से अधिक स्वरोजगार स्थापित कर उद्यमी बने। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। हमारा भारत युवा शक्ति के अधिक्य के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि उज्ययिनी नगरी सर्वगुण सम्पन्न है। उज्जैन की देश में पहचान बनी है। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए छोटे-छोटे स्थानों पर भी समिट के कार्य किए जा रहे हैं। उद्यमियों को अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि उद्यमी देश-प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने विभिन्न उद्यमियों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

***प्रयासों की प्रशंसा***- मुख्यमंत्री डॉ यादव ने युवा उद्यमी सम्मेलन के आयोजकोंए प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम। उद्यमियों के बीच नवाचार, महत्वाकांक्षा और विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह सम्मेलन आत्म-निर्भरता की भावना को दर्शाता है और एक समृद्ध एवं प्रगतिशील मध्यप्रदेश के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में सहायक होगा। उद्यमिता आर्थिक विकास की नींव है और युवा प्रतिभाओं को पोषित करना, परिवर्तन और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। इस तरह के आयोजनों से हम अगली पीढ़ी को बड़ा सोचने, साहसी कदम उठाने और राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान करने के लिए सशक्त बनाते हैं।

# राष्ट्रीय बाल रंग के आयोजन से मप्र देशभर में होता है गौरवान्वित

## 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित हुए नृत्य



**भोपाल।** राष्ट्रीय बाल रंग के दूसरे दिन 21 दिसम्बर को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स में 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां देशभर के बच्चों ने दी। इन प्रस्तुतियों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिली। बाल रंग में विभिन्न राज्यों के 10 हजार बच्चें अनेक रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। बाल रंग के दूसरे दिन सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। बाल रंग में शामिल बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे बच्चों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। बच्चों को संग्रहालय का भ्रमण भी करवाया जाये। सचिव स्कूल शिक्षा डॉ गोयल ने इस मौके पर प्रकाशित बाल पत्रिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत में पंजाब के बच्चों ने लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्य की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में पंजाब की विरासत का बखान था। मध्यप्रदेश के बच्चों ने महाकौशल अंचल के लांगुरिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें ईश्वर की आराधना आस्था के साथ किस तरह से होती है। उसको आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया था।

# मंत्री ने पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर से पूछा, बताओ कितने नाले हैं?

## हमीदिया रोड की प्लानिंग पर उखड़े मंत्री सारंग बोले आप भोपाल में बाढ़ लाना चाहते हो



भोपाल

भोपाल के हमीदिया रोड के निर्माण की बेतरतीब प्लानिंग पर शनिवार को मंत्री विश्वास सारंग उखड़ गए। उन्होंने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के की क्लास लगा दी। मंत्री ने चीफ इंजीनियर से पूछा कि बताओ कितने नाले हैंघ्? अफ्सर ने जब गोल-मोल जवाब दिया तो मंत्री बोले-जब नाम नहीं मालूम है तो बहस क्यों कर रहे हो? मंत्री ने तत्काल काम करने के निर्देश दिए। गड्ढों से मुक्ति और जलभराव रोकने के लिए 4 किलोमीटर लंबी डामर रोड को सीमेंट.कंक्रीट में बदला जा रहा है। लेकिन पीडब्ल्यूडी के इस प्रोजेक्ट और प्लान पर ही मंत्री सारंग ने शनिवार को सवाल खडे कर दिए। मंत्री सारंग महापौर समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जब नाले की बनावट देखी तो वे गुस्सा हो गए और मौके पर ही अफसरों की क्लास लगा दी।

***प्लानिंग और सर्वे की जानकारी नहीं दे सके अधिकारी***- निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर मस्के समेत नगर निगमए मेट्रो, जिला प्रशासन और पुलिस अफ्सर भी मौजूद थे। मस्के समेत पीडब्ल्यूडी के अन्य अधिकारियों से जब मंत्री सारंग ने प्लानिंग और सर्वे की जानकारी मांगी तो वे जवाब नहीं दे सके। इस पर फटकार लगाते हुए मंत्री ने कहा कि बिना सर्वे और प्लानिंग के निर्माण शुरू किया गया है। पातरा नाले में चेनलाइजेशन के लिए निगम से एनओसी भी नहीं ली गई है। नाली निर्माण से पुल पातरा नाले पर दबाव बढ़ेगा और फ्रि शहर में बाढ़ के हालात पैदा हो जाएंगे। सारंग ने कहा कि भोपाल शहर में बा? की स्थिति बन जाएगी। जिससे 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो जाएंगे। ठेकेदार-अफसरों की तरफ देखते हुए मंत्री बोले कि आप भोपाल के नहीं हो। आप शहर में बाढ़ लाना चाहते होए लेकिन मैं बाढ़ नहीं आने दूंगा।

***सर्वे और प्लानिंग के हिसाब से काम हो***- मंत्री सारंग ने बताया सड़क निर्माण से पहले सर्वे होना था कि कहां से पानी आएगा और किस नाले में जाएगा। कहां पर जलभराव की स्थिति बनेगी। सड़क निर्माण में लापरवाही की जानकारी मिली थी। इसलिए आज पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक, राजस्व और निगम अमले के साथ मौके पर पहुंचे थे। कुछ नाले.नालियों के चैनलाइजेशन को लेकर दिक्कत है। कलेक्टर से कहा है कि सभी विभागों को एक साथ बैठाएं। सभी के समन्वय से काम हो। यदि एक ही नाले में पानी जाएगा तो भोपाल शहर में बाढ़ की स्थिति बनेगी। काम तत्काल रोकने को कहा है। सर्वे और प्लानिंग करने के बाद ही

## 4 दिवसीय ओशो फेस्टिवल एवं ध्यान शिविर प्रारंभ

**दमोह।** ओशो फेस्टिवल एवं ध्यान शिविर का आयोजन 22 से 25 दिसंबर तक दमोह राधिका पैलेस में किया जा रहा है। इस चार दिवसीय शिविर में देश के अनेक सेलिब्रिटी एवं ओशो से जुड़ी अनेक जानी मानी हस्तियां कार्यक्रम में शिरकत कर रही हैं। शिविर का शुभारंभ 22 दिसंबर को शाम 4 बजे होगा। इस अवसर पर स्वामी राघव सत्यार्थी फिल्म पटकथा लेखक मुंबई से आनंद कमलेश ध्यान शिविर में स्वामी अनादि अनंत आनंद एकांत मां आरती राजदान प्रेम अनादि पूना शिरकत कर रहे हैं।

# गुजरात से एमपी लाया गया एशियाटिक लॉयन का जोड़ा

भोपाल

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में गुजरात के जूनागढ़ से एशियाटिक लॉयन का जोड़ा लाया गया। 5 दिन में 1000किमी का सफर तय कर शनिवार शाम साढ़े 4 बजे गाड़ी वन विहार पहुंची। इन्हें 21 दिन तक क्वारेंटाइन रखा जाएगा। यानी, नए साल में लोग इनका दीदार कर सकेंगे। नर और मादा लॉयन की उम्र करीब 3 साल है। जैसे ही वन विहार में इनकी एंट्री हुईए वहां उत्सवी माहौल हो गया। पिंजरा खुलते ही लॉयन ने



अपने बाड़े में छलांग लगा दी। हालांकि पहले वे थोड़े डरे-सहमे नजर आए, लेकिन फिर इधर-उधर मंडराने लगे। खाने के लिए उन्हें मीट भी दिया गया। वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर एसके सिन्हा ने बताया दोनों सिंह को बाड़े में अलग-अलग रखा गया। 21 दिन तक क्वारेंटाइन में रखा जाएगा। डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। क्वारेंटाइन में रखे जाने और फ्रि डॉक्टरों के ओके के बाद लॉयन के दीदार लोग कर सकेंगे।

***गुजरात गई थी वन विहार की टीम***- वन विहार का 9 सदस्यीय दल 17 दिसंबर को जूनागढ़ के सक्करबाग चिड़ियाघर में लॉयन को लेने पहुंचे थे, जो 21 दिसंबर की शाम को भोपाल पहुंच गए। इस टीम में वन विहार के इकाई प्रभारी पर्यटन एव सहायक वन्यप्राणी चिकित्सक भी शामिल थे। दल के लौटने पर डायरेक्टर मीना अवधेशकुमार मौजूद रहे।

# नव निर्मित दुकानों की नीलामी तो हो गई लेकिन लेकिन व्यवस्थाएं चौपट

## न ही अतिक्रमण हटा और न हुई मरम्मत, दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा द्वारा पिछले माह नवनिर्मित दुकानों की नीलामी बंद लिफाफे में निविदा बुलाकर की गई थी। जिसमें दुकानदारों द्वारा दुकानो की उच्च बोली लेकर दुकाने अपने नाम आवंटित कराई है जिनका नियम एवं शर्तनुसार विधिवत बोली की पूरी राशि भरकर एग्रीमेंट भी करा लिया है। किंतु करीब चार साल पूर्व निर्मित इन दुकानों में निर्माण से लेकर आज तक उचित रखरखाव नहीं किया गया है जो अब जीर्ण शीर्ण स्थिति में पहुंच चुकी है। जिसको लेकर दुकानदारों ने शनिवार को जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे एवं जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल को



ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए दुकानदारों ने कहा है कि बस स्टैंड पर पुराना प्रतिक्षालय लगभग 35 से 40 साल पुराना हो गया है जो कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त गया है। कभी भी उसकी छत गिर सकती है जिससे जनहानि हो सकती है और चूकि पुराने प्रतिक्षालय की बजह से नवनिर्मित दुकाने ढकी हुई है और बसें भी अंदर नहीं जा पा रही है और अनुपयोगी दुर्घटनाओं को दावत दे रहा जर्जर पुराना प्रतिक्षालय को शीघ्र ही हटाया जाए। साथ ही नवनिर्मित दुकानों के सागने और बसस्टेंड प्रांगण के अंदर अतिक्रमण हटाने की अति शीघ्र कार्रवाई की जाए। यात्रियों के लिए बाथरूम की साफ सफाई एवं शुद्ध पेय जल की व्यवस्था सहित रात्रि में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी तरह प्राथमिक शाला के सामने निर्मित दुकान क्र. 1 से 6 तक उपर जाने सीढियों पर गलत बीम डाली गई है जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी होगी। सभी शटरो मे पुताई नहीं हुई है एवं दुकान के सामने अनावश्यक वाहन खडे रहते है आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कराई जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।



## वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट में चौपरा टीम बनी विजेता

जबेरा

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा जबेरा विकासखंड की उप तहसील नोहटा में व्हालीबॉल नाइट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके संरक्षक नीतेन्द्र सिंह लोधी रहे। ग्राम नोहटा में आयोजित विधानसभा स्तरीय टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ 14 दिसंबर से किया गया था और जिसका फाइनल मुकाबला 20 दिसंबर को चौपरा टीम और नोहटा टीम के बीच खेला गया। जिसमें खिताबी भिड़ंत में चौपरा ने नोहटा को हराकर विजय प्राप्त की। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में खेल भावना से खेला और विजेता एवं उप विजेता बने है आप सभी निरंतर मेहनत करें और माता पिता सहित अपने गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए में अनुज नितिन सिंह लोधी को एवं उनकी समस्त सहयोगी टीम को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने छोटे-छोटे गांव में संपर्क कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया है। टूर्नामेंट में सहयोगियों के रूप में लोधी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह लोधी, नंदराम सुमन, अमित सुमन, कमल करोसिया, अनिल गोदरे, शोएब पठान, घनश्याम सिंह लोधी, शैलेंद्र जैन, उमेश यादवए राजेश प्रधान, मानसिंह राजपूत, मुकेश विश्वकर्मा, राजेंद्र तिवारी, पिंटू रैकवार, निखिल लोधी, सोनू सेन, रत्नेश सिंह लोधी, सचिन सिंह, अवधेश सिंहएरिंकू राज, भानू राजपूत, विक्की रैकवार,रवि विश्वकर्मा, आशु नेमा, नितेश पटेल, कमलेश सोनी, जिब्राइल खान, हीरा पारोचे, राजू राजपूत सहित ग्रामवासी एवं डीएसएल क्लब की प्रमुख सहभागिता रही।

## मातृ-स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में आया सुधार

# जिले ने दूसरा स्थान किया अर्जित

दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने विशेष नवाचारी पहल की गई है। राज्य स्तर पर इसके परिणाम भी दिखायी देने लगे है। राज्य स्तर पर अप्रैल 24 से नबंवर माह दौरान विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत पंजीकृत मातृ.स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा दौरान दमोह जिले ने दूसरा स्थान अर्जित किया है। इस दौरान 22009 महिलाओं की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा की गयी है। समुदाय स्तर पर चिन्हित सभी जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को संस्था स्तर पर सेवायें सुनियोजित रूप से सुनिश्चित की जा सके इस हेतु सप्ताह पूर्व चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं में से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता में लेकर लिस्ट तैयार की जाती है। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा संबंधित महिलाओं से गृहभेंट कर संस्था स्तर पर विशेषज्ञ जांच हेतु आयोजित विशेष क्लीनिक की सूचना दी जाती है। सभी हितग्राहियों का संस्था पर पहुंचना सुनिश्चित करने के लिये निःशुल्क 108 एम्बुलेंस वाहन व्यवस्था रूट अनुसार संस्था पर कार्यकर्ताओं द्वारा भेजा जाता है। संस्था में इन महिलाओं की गरिमापूर्ण उचित बैठक व्यवस्था एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी बनायी गयी है। संस्था में ऐसी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकतानुसार सुलभ रूप से विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवायें मिल सके इसके लिये पृथक काउंटर बनाये गये है। विशेषज्ञ क्लीनिक दौरान किसी भी प्रकार अव्यवस्था न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। इन सभी के परिणाम स्वरूप जिले में ई पीएमएस, स्वास्थ्य क्लीनिक दौरान महिलाओं में विशेषज्ञ जांच हेतु उत्साह बढ़ा है।

# सीसीएलई में सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट का आयोजन

**हटा।** सीएम राइज स्कूल में माह दिसंबर थीम संकल्पित भारत के अंतर्गत तृतीय शनिवार को सीसीएलई कार्यक्रम के अंतर्गत सदनवार गतिविधि प्रश्नोत्तरी सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट का आयोजन किया गया। इस संबध में संस्था के सीसीएलई प्रभारी मनीष चौरसिया ने सिचुएशन रिएक्शन टेस्ट एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोचने के तरीके और प्रतिक्रिया शीलता का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। प्रतियोगिता में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सदनवार 10 प्रश्न लिखाए गए जिसमें सभी सदन के बच्चों ने 30 मिनट की अवधि में उत्तर लिखे। बच्चों से लिखित फ्रि मौखिक जबाब लिए गए। मूल्यांकन में कक्षा 9 वीं से महाराणा प्रताप सदन जिसमें विधि अग्रवाल, गरिमा उपाध्याय, विधि चौबे, दीपांशी राज साहू, जानवी विश्वकर्मा ने सबसे सटीक उत्तर दिये एवं अपने सदन को विजेता बनाया। कक्षा दसवीं मे भगतसिंह सदन के आरती रजक, अंतरिक्षा सोनी, चंचल रजक, भानूप्रताप राय ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सिचुएशन टेस्ट संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ऋचा चौबे के समक्ष बच्चों ने मौखिक उत्तर प्रस्तुत किए। श्रीमती चौबे ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि इस प्रकार के मनोविज्ञान टेस्ट आपके आगामी जीवन में कठनाइयों से निपटने प्रतियोगी परीक्षाओं में बहुत उपयोगी साबित होते है सीसीएलई के माध्यम से यह गतिविधि आपके जीवन में कौशल विकास का नया आयाम साबित हो सकती है।

# बगैर जातिगत जनगणना कराये बिना देश को सही प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा

दमोह

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी चंदन यादव और पूर्व मंत्री दमोह प्रभारी हर्ष यादव दो दिवसीय दमोह दौरा पर आए हुए हैं जिसमें उन्होंने 21 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दमोह विधानसभा की समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए चंदन यादव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का मानना है कि देश में जातिगत जनगणना एवं



संविधान में लिखित मूल्य की रक्षा किए बगैर देश को सही नेतृत्व नहीं मिल सकेगा। पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे वार्ड, मोहल्ला एवं बूथ कमेटी के गठन पर अपनी बात रखते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन द्वारा कांग्रेस कमेटी द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्य एवं प्रदेश द्वारा सौंप गये कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए उनके क्रियान्वयन की जानकारी से सभी को अवगत कराया। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि कांग्रेस हमेशा मजबूत होकर भाजपा के भ्रष्ट नेताओं से आम जनमानस को सुरक्षा मुहैया कराने प्रतिबद्ध है। समीक्षा बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रत्नचंद जैनए पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तिलक सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजीराम रोहितए वीरेंद्र ठाकुर, संजय चौरसिया, अरुण मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, पप्पू कसौटियां, संध्या नायक, समीम कुरेशी, राजेश तिवारी, राजा राय, बसंत कुशवाहा, नितिन मिश्रा, केके अग्रवाल, निधि श्रीवास्तव, डीपी पटेल, रुद्र प्रताप सिंह, दृगपाल सिंह, गणेश कोरी, सत्येंद्र सिंह, वीर सिंह, पप्पू कुशवाहा, हीरा सिंह, पंचम सिंह, संजू अहीरवाल, अशोक विश्वकर्मा, बिन्दु पटेल, भीकम सिंह, सुनील ठाकुर, केके वर्मा, डालचंद कुशवाहा, रोहन पाठक, मदन सुमन, कमल निषाद, भूपेंद्र अजवानी रहे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र./2024-2025/

दिनांक 21.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज रजक पति स्व. बुद्धसेन रजक ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पंडित जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 470 राम हरका का बगीचा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000430518 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकबा वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 250 सीमेन्ट सीट शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सलामी ख.का. रामकिशोर का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

## आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक के

# निलंबन आदेश को कोर्ट ने किया निरस्त

### हाईकोर्ट ने ख़ारिज किया कलेक्टर का आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट के ऐतिहासिक फ़ैसले में जबलपुर जिला आजीविका मिशन परियोजना में कार्यरत जिला परियोजना अधिकारी अखिल शुक्ला की सेवाएं कलेक्टर जबलपुर द्वारा 10 दिसंबर को समाप्त कर दी थीं, उनके ऊपर आरोप था कि स्व सहायता समूह तिलसानी कुंडम में कोदो कुटकी उद्योग में कुकीज निर्माण के लिए मशीनों की ख़रीददारी में लाखों रुपया का अनियमितता की गई है। मशीनों को बहुत अधिक दामों पर ख़रीदा गया था। अनियमितता के दोषी पाए जाने पर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थी। सेवा समाप्ति के बाद प्रार्थी के द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई न्यायालय को बताया गया कि प्रार्थी लगभग 15 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं, निलंबन के पहले प्रॉपर इंक्वायरी नहीं की गई इसलिए यह आदेश निरस्त करने योग्य है। संविदा नीति 2023 के तहत शर्तों का उलंघन किया गया है। प्रार्थी को सुनवाई का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया, निलम्बन आदेश असक्षम अधिकारी के द्वारा पारित किया गया है। खरीदी के समय जो अतिरिक्त राशि प्रदान की गई थी वह राशि सप्लायर कंपनी के द्वारा जमा करा दी गई है। न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर द्वारा जारी निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया है। प्रकरण की सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट ने कलेक्टर जबलपुर के आदेश को निरस्त कर दिया। प्रकरण में आवेदक की ओर से सीनियर अधिवक्ता अजय मिश्रा, वीके शुक्ला और एड. सत्येंद्र ज्योतिषी ने पक्ष रखा।

## अहम फैसला, जिला बदर आदेश खारिज



मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनय साराफ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में जिला प्रशासन बस्तूल द्वारा पारित जिला बदर आदेश (07 जून 2024) और इसके खिलाफ अपील को खारिज कर दिया। यह आदेश मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 के तहत पारित किया गया था, जिसे न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव और विधिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताते हुए रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शीर्ष अग्रवाल ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ जिला बदर का आदेश पुराने मामलों और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर बिना पर्याप्त प्रमाणों के पारित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पहले 05 दिसंबर 2023 को इसी प्रकार के मामलों को लेकर कार्यवाही समाप्त कर दी गई थी, क्योंकि याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई गंभीर या हालिया मामला दर्ज नहीं था। सरकार की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता एक आदतन अपराधी है। हालांकि हाईकोर्ट ने पाया कि जिला बदर आदेश में यह साबित नहीं किया गया कि याचिकाकर्ता की गतिविधियों से जनता को कोई वास्तविक खतरा था याकि गवाह भय के कारण गवाही देने के लिए आगे नहीं आ रहे थे। न्यायालय ने जिला बदर आदेश को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए इसे रद्द कर दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को जिला बदर करने के लिए आदेश पारित करते समय प्रासंगिक और पर्याप्त साक्ष्य का होना अनिवार्य है। इस फैसले ने यह संदेश दिया है कि जिला बदर जैसे कठोर कदम उठाने से पहले कानूनी प्रक्रियाओं और मौलिक अधिकारों का पालन आवश्यक है।







# लाइफ में बढ़ने जरूरी है इमोशनल इंटेलिजेंस

### हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

इमोशनल इंटेलिजेंस जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए काफी जरूरी माना जाता है। यह दरअसल अपनी और दूसरों की भावनाओं तक पहुंचने और उसे समझने की क्षमता है। यह हमें तनाव भरे समय और परिस्थितियों को बदलने में मदद कर सकता है। यह हमारे एजुकेशन, हमारे आसपास का माहौल और हमारे सोचने के तरीकों पर काफी निर्भर करता है। इमोशनल इंटेलिजेंस हमारे रिलेशनशिप को बेहतर बनाने, बेहतर तरीके से बात करने और कॉम्प्रोमाइज करने के तरीके को भी प्रभावित करता है। उक्त बांते हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा आयोजित नोलेज शेयरिंग वर्कशॉप के दौरान मुख्य वक्ता काउंसलर और एचआरडी विषेषज्ञ राजेंद्र सक्सेना ने कही। उन्होनें प्रॉब्लम सोल्वविंग स्किल्स और इंटरपर्सलन स्किल्स पर भी अपने विचार रखे। उन्होनें कहा कि स्टुडेंट्स किसी भी देश और समाज का भविष्य होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वे ऐसे तरीके अपनाएं जो उन्हें भविष्य में खुद के लिए सक्षम बना सके। स्टुडेंट्स लाइफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है इंटरपर्सनल स्किल। बच्चों के कोमल मन में जो बातें कही और भरी जाती हैं वे ताउम्र उन पलों और बांतों को याद रखते हैं। उन्होनें कहा कि नॉन वर्बल कम्यूनिकशन, टीम वर्क स्किल, लीडरशिप, पब्लिक स्पीकिंग आदि इंटरपर्सनल स्किल के विभिन्न प्रकार हैं। इस अवसर पर हितकारिणी कम्प्युटर सेंटर प्रभारी शैलजा गुप्ता, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे, हितकारिणी विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास सिंह, हितकारिणी के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों प्राचार्य और स्टाफ उपस्थित रहे।

## गंदगी : पमरे ने वसूला लाखों का जुर्माना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डल के सभी स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवंबर तक कुल 15191 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 26 लाख 57 हजार 825 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले नवंबर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 2391 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 04 लाख 77 हजार 280 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है।





## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए रेल मंत्री ने प्रदान की शील्ड

### दिल्ली में आयोजित हुआ विशिष्ट रेल सेवा समारोह

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारतीय रेल द्वारा प्रत्येक वर्ष रेल विभागों को विभिन्न क्षेत्रों पर किए गए सर्वश्रेष्ठ कार्य हेतु शील्ड से एवं रेल अधिकारी तथा कर्मचारी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं 22 क्षेत्रों पर शील्ड देने का निर्णय लिया गया था, जिसके तारतम्य में दिनांक 21 दिसंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय को लेखा विभाग तथा कार्मिक विभाग की शील्ड प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल से वांछित खरे, वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर एवं दानिश शहाब, सीनियर सेक्शन इंजीनियर को वर्ष 2023-24 के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये गया।

## ग्रापं स्तर पर 46 जनकल्याण शिविर लगेंगे, हितग्राहियों को मौके पर ही किया जाएगा लाभान्वित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप केन्द्र एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का शेष रह गए प्रत्येक पात्र व्यनक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सोमवार 23 दिसम्बर को जबलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तजर पर 46 शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों में शासकीय योजनाओं का लाभ शेष पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने आवेदन प्राप्त किये जाएंगे तथा उन्हें हितलाभों का वितरण किया जायेगा। पात्र व्यक्तियों से प्राप्त आवेदनों को मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। इसी पोर्टल के माध्यम से उनका निराकरण भी होगा। शिविरों के माध्ययम से विभिन्न विभागों की 34 हितग्राही मूलक योजनाओं एवं 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जायेगा तथा 63 सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

# चलती ट्रेन में महिला को उठा लेबर पेन

### रेलवे ने तुरंत पहुंचाई मदद, दिया बालिका को जन्म

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रीवा जाने वाली ट्रेन में रेलवे की मदद से एक महिला की सुरक्षित कराई गई प्रसूति। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि शनिवार को सुबह लगभग 8 बजे गाड़ी संख्या 02188 के एस-2 कोच की 58 नंबर सीट पर एक महिला यात्री 20 वर्षीय करूणा साकेत अपने पति एवं देवर के साथ कल्याण से रीवा के लिए यात्रा कर रही थी, जो 9 महीने गर्भ से है। अचानक ट्रेन में उन्हें लेबर पेन शुरु हो गया। मामले की सूचना रेल मदद पोर्टल के द्वारा दी, कुछ देर बाद ही चिकित्सकों की टीम पहुंच गई। सीनियर डीसीएम के निर्देशन पर स्टेशन ड्यूटी पर उपस्थित उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) हेमन्त पेन्द्रे की सहायता से तुरंत ही रेलवे अस्पताल में सूचना दी गई एवं गाड़ी आगमन पर रेलवे डॉ. रसिका के साथ महिला यात्री को अटेंड किया। महिला डॉक्टर द्वारा सुरक्षित तरीके से महिला की प्रसूति करवाई गई, जिन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके साथ ही अग्रिम उपचार एवं देखरेख हेतु उन्हें एंबुलेंस से नजदीकी एल्गिन हॉस्पिटल में भेजा गया।

## यातायात पुलिस कर्मियों को किया प्रशिक्षित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष कुमार शुक्ला, बैजनाथ प्रजापति द्वारा यातायात में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को शनिवार को पुलिस कप्तान कार्यालय में यातायात संकेतो का व्यवहारिक रूप से एवं मेनुअल तरीके से भी यातायात के सुचारू रूप से संचालन के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। यातायात पुलिस कर्मियों को ट्राफिक सिंग्नल बंद होने पर चौराहों, तिराहों में किस प्रकार हाथ से मेनुअल संकेत के माध्यम से यातायात को चलाया जाता है, साथ ही शहर की भीड भाड वाले क्षेत्रों व मार्गो में जाम की स्थिति निर्मित न हो आदि के उपाय बताये गये।

# न्यायाधीश ने किया सब जेल का औचक निरीक्षण



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक अवस्थी द्वारा सब जेल सिहोरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जेलर दिलीप नायक द्वारा करवाया गया। इस दौरान बन्दियों से जेल की व्यवस्था एवं समस्या के बारे में पूछताछ की। बन्दियों द्वारा जेल में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं नियमानुसार प्राप्त होना बताया साथ ही बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता से सम्बंधित जानकारी दी गई। निरीक्षण के समय प्रधान जिला न्यायाधीश के साथ अवधेश श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सैफी दाऊदी आदि उपस्थित रहे।

## करंट से वृद्ध की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर थाने में रामराज लोधी निवासी ग्राम खिन्नी ने सूचना दी कि उसके पिता लेखराम लोधी उम्र 83 वर्ष रोज की तरह खेत देखने गये थे वही बाजू में उसका भतीजा धर्मेन्द्र लोधी खेत में पानी लगा रहा था। पिताजी खेत देखकर वापस घर आ रहे थे तभी ऊपर से निकली 33 केव्ही बड़ी लाईन की तार टूटकर पिताजी के उपर गिर गयी जिससे बुरी तरह जल कर जख्मी हो गये जिनका हेल्थ सिटी अस्पताल कटंगी ले जाया गया जहां शाम को उनकी मौत हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# दो परिवारों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

### एक दर्जन से अधिक घायल

### पाटन के बूढ़ी कोनी गांव की घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





शहर से लगभग 35 किलोमीटर दूर बूढ़ी कोनी गांव में कुर्सी पर बैठने के विवाद में 2 परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में दोनों ही परिवारों के एक दर्जन से ज्यादा महिला-पुरुष घायल हुए है। 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को पाटन स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पाटन थाना पुलिस ने दोनों परिवारों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बूढ़ी कोनी गांव में शुक्रवार रात मोहन यादव अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठकर आग ताप रहे थे। उस दौरान दीपक यादव अपने रिश्तेदार के साथ वहां से गुजर रहा था। पड़ोस में रहने वाला रमेश बर्मन कुर्सी पर बैठा था। उसे देखकर दीपक ने कहा, ये देखो अब ये भी कुर्सी पर बैठते हैं। इतना बोलते हुए दीपक ने रमेश से खड़े होने को कहा। जिसका बर्मन परिवार ने विरोध किया। इस पर दीपक ने अपने चाचा और पिता को फोन लगाकर बुला लिया। विवाद बढ़ता देख गांव में भारी भीड़ लग गई।

***रात में फिर हुआ विवाद***- ग्रामीणों ने दोनों परिवारों को समझाते हुए विवाद शांत करवाया। रात करीब साढ़े 12 बजे यादव और बर्मन परिवार के बीच फिर से लड़ाई होने लगी। दोनों परिवार आमने-सामने आ गए। रात साढ़े 12 बजे दीपक ने चाचा कुंवर राव, पिता मोहन यादव सहित करीब छह से सात लोगों के साथ मिलकर रमेश बर्मन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए रमेश के परिवार वालों ने भी हमला कर दिया। इस घटना में मोहन यादव, दीपक यादव, कुंवर यादव, राजकुमार यादव सहित चार लोग घायल हुए हैं। वही रमेश बर्मन, अनिल बर्मन सहित कई महिलाएं इस विवाद में घायल हुई हैं।

## मनाया गया विश्व ध्यान दिवस



आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक मयूर खत्री द्वारा विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सब जेल सिहोरा में बन्दियों एवं जेल स्टॉफ को ध्यान करवाया गया साथ ही ध्यान से होने वाले लाभ की जानकारी दी। बन्दियों को बताया कि ध्यान का अभ्यास करके अपने मन को नियंत्रित कर अपराध विमुख हुआ जा सकता है। जेलर दिलीप नायक ने बताया कि सब जेल सिहोरा में बन्दियों द्वारा नियमित रूप से योगा एवं प्राणायाम किया जाता है, इसमें ध्यान को और शामिल किया जायेगा।


NH नेशनल हॉस्पिटल
PEOPLE WHO CARE
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C द्वारा मान्यता प्राप्त एवं मेडीक्लेम की सुविधा
हृदय रोग विभाग
सीने में दर्द (हार्ट अटैक) एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर व इको-कार्डियोग्राफी
न्यूरोलॉजी न्यूरोसर्जरी विभाग
लकवा, मिर्गी, सिरदर्द, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, न्यूरो सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर सर्जरी
अन्य सुविधाएँ
सभी गठानों एवं मुँह के छालों की जाँच, सी.टी. स्केन, डायलिसिस
यूरोलॉजी विभाग
मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेट के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन
हड्डी रोग विभाग
एक्सीडेन्टल ट्रामा एवं सभी प्रकार की हड्डियों के फेक्चर
हिप एवं नी रिप्लेसमेंट की सुविधा
(कूल्हा एवं घुटना का ऑपरेशन)
शल्य चिकित्सा विभाग
दूरबीन पद्धति से गाल ब्लैडर की पथरी, हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन कुशलतापूर्वक किये जाते है।
इन्डोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
छाती रोग विभाग
दमा एवं श्वास सम्बंधी समस्या के इलाज की सुविधा
पोस्ट कोविड संबंधी समस्या का इलाज
अस्थमा, निमोनिया, टीबी., फेफड़ों में पानी भरना
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612



South Avenue Mall
MOVIE MAGIC MULTIPLEX, SOUTH AVENUE MALL, NARMADA ROAD
9425807508
moviemagic Magically Refreshed
BOOK TICKETS FROM MOVIE MAGIC APP AT
15th ANNIVERSARY YOUR JOURNEY OUR MULTIPLEX 15 YEARS TOGETHER
ZERO PLATFORM FEE

| | |
|---|---|
| PUSHPA 2: THE RULE (HINDI) | 8:10 AM, 10:00 AM, 12:10 PM, 2:00 PM, 4:00 PM, 6:00 PM, 7:10 PM, 10:00 PM & 11:00 PM |
| MUFASA: THE LION KING (3D) | HINDI - 11:00 AM, 1:30 PM, 10:30 PM ENGLISH - 8:30 AM, 8:00 PM |
| VANVAAS (HINDI) | 04:10 PM |

BOOK TICKETS & F&B FROM MOVIE MAGIC APP AT ZERO PLATFORM FEE
FOR BULK BOOKING/ADVERTISEMENT 9425807507
FOLLOW US ON @MOVIEMAGIC_JBP


हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**